वैशाख शुक्ल पक्ष-10, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 331 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

17 मई 2024 शुक्रवार

**आज का मौसम**

40 अधिकतम

27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### ममता के इंडिया को समर्थन वाले बयान के बाद मोदी बोले बबुआ ने नई बुआ तलाशी

# मप्र में सियासी ठंडक, झुलसते बंगाल, बिहार आज उप्र में आमने-सामने मोदी व परिवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव की सारी सरगर्मी अब महाराष्ट्र,उप्र और बिहार,बंगाल में देखी जा रही है। इधर डेढ महीने तक चुनावी गर्मी से झुलसते रहे मप्र में सियासी ठंडक है। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज उप्र के चुनावी दौरे पर हैं। भाजपा के कुछ और नेता भी चुनाव के काम में लगाए गए हैं। वहीं कांग्रेस के दिग्विजय सिंह भी उप्र में सक्रिय हैं। जबकि मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी चुनाव के सिलसिले में पंजाब भेजे गये हैं। उप्र की सीटों पर चुनाव में भाजपा व कांग्रेस की तरफ से जमकर सियासी हमले और तंज हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश की बाराबंकी लोकसभा सीट पर चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव के साथ ममता बनर्जी को भी निशाने पर लिया है, बनर्जी ने कल ही कहा था कि वह इंडिया गठबंधन को समर्थन करेंगी। मोदी ने कहा उप्र में जो बबुआ यानी समाजवादी शहजादे हैं, उन्होंने अब एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में है। उनकी बंगाल वाली बुआजी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। जबकि इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरी को कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला। मोदी ने कहा, कांग्रेस के एक नेता ने कहा दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे,ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया। **सोनिया भी उतरी मैदान में:** वहीं गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली में आज सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव व प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव प्रचार में एक साथ उतर रहे हैं। तीनों पहले चुनावी सभा करेंगे फिर लोगों से मुलाकात भी करेंगे। गांधी परिवार के तीनों सदस्य इसके बाद अमेठी में उमीदवार केएल शर्मा के पक्ष में सभा करेंगे।

### बारांबंकी में मोदी, रायबरेली व अमेठी में सोनिया संग राहुल, अखिलेश व प्रियंका





### 49 सीटों पर जबर्दस्त सरगर्मी

चुनाव के शेष तीन चरण अब 20 और 25 मई तथा 1 जून को हैं। पांचवें चरण में 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं और 49 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे।इनमें बिहार की 5, झारखंड की 3, महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, ओडिशा की 5, पश्चिम बंगाल की 7, जम्मू-कश्मीर की 1 और लद्दाख की 1 सीट पर पांचवें चरण में वोटिंग होगी। दरअसल उप्र व बिहार महाराष्ट्र की सीटों पर चुनावी मुकाबला बहुत निर्णायक माना जा रहा है। इसलिये पांचवे और छठवें चरण में जो दल बाजी मारेगी वह सत्ता के काफी करीब पहुंच सकता है। क्योंकि तीनों राज्य में सीटों की संख्या ज्यादा है।

### हमें प्लान बी की जरूरत नहीं : शाह

लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के चुनावी सूत्रधार माने जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में बहुमत के आंकडे तक नहीं पहुंचने पर प्लान बी के सवाल पर कहा कि 'प्लान बी तब बनाना पड़ता है जब प्लान ए (सफल होने) में 60 प्रतिशत से कम संभावना हो। मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ जीत कर आएंगे।' उन्होंने अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार और जेल से रिहाई संबंधी प्रश्न पर कहा कि 'एक मतदाता के रूप में मेरा यह मानना है कि वे जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे, मतदाताओं को शराब घोटाला याद आएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की इससे बड़ी कोई अवमानना नहीं हो सकती। संविधान बदलने के मुद्दे पर अमित शाह ने जवाब दिया कि संविधान बदलने का बहुमत तो हमारी सरकार के पास बीत 10 साल से हैं, लेकिन हमने कभी ऐसे प्रयास नहीं किए।



### 272 भी नहीं... यादव के दावे से नया टेंशन

लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरे होने के बाद कई तरह के कयास शुरू हो गये हैं। भाजपा और इंडिया गठबंधन अब तक पूरे हुए 4 चरणों और वोटिंग प्रतिशत को लेकर अपने पक्ष में अनुमान जता रहे हैं। एनडीए 400 पार के अपने दावे पर कायम है, लेकिन इस बीच जाने माने राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव का अनुमान बीजेपी और उसके सहयोगी दलों को टेंशन दे सकता है। यादव ने दावा किया है कि 4 चरण की वोटिंग के बाद एनडीए का आंकड़ा 272 से नीचे चला गया है। यादव से एक चैनल पर सवाल किया गया था कि आप जो दावा कर रहे हैं वो तो काफी हैरान करने वाला है। इस पर यादव ने कहा कि मैं पॉलिटिकल वर्कर हूं और राजनीतिक कार्यकर्ता झूठ नहीं बोलते। मैं कोई एग्जिट पोल या हवा में दावा नहीं कर रहा हूं। मैं यह सब ग्राउंड पर जाकर, कई जगह घूमने, लिखने, सुनने और लोगों से बात करने के बाद बता रहा हूं।


## मकान की दीवार गिरने से दो बच्चियों की मौत

**भिंड, एजेंसी।**

मध्यप्रदेश के भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में मकान की कच्ची दीवार गिरने से उसके मलबे में दब जाने से दो बच्चियों की मौत हो गयी और एक बच्ची के घायल हो जाने पर उसे ग्वालियर रैफर किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिमरिया गांव में त्यागी बाबा के स्थान पर कल भंडारा चल रहा था। गांव की तीन बच्चियां भी उसी भंडारे में प्रसादी खाने जाने के लिए घर से निकली थी। तभी रास्ते में पडने वाले एक कच्चे मकान की अचानक दीवार गिर गई जिससे उसके मलबे में दबकर अनाफिया (05) और निकिता परिहार (06) की मौत हो गई तथा एक बच्ची घायल हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## 'गाजा, इजरायल युद्ध के बीच सहायता पहुंचाना असंभव'



**गाजा, एजेंसी।**

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष को लेकर गाजा पट्टी में मानवीय सहायता वितरण का काम असंभव है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने 'एक्स' पर कहा कि गाजा में तीव्र लड़ाई के बीच अनियमित ईंधन आपूर्ति और बाधित संचार के कारण मानवीय सहायता वितरित करना लगभग असंभव है। गाजा में सहायता के लिए प्रमुख क्रॉसिंग कई दिनों से बंद होने के कारण फिलिस्तीनियों के लिये मानवीय सहायता पहुंचाना असुरक्षित है। इजरायल ने पांच मई को इजरायली सैन्य बिंदु पर हमास द्वारा किये गये हमले की वजह से गाजा के साथ केरेम शालोम के एकमात्र वाणिज्यिक क्रॉसिंग को बंद कर दिया। इस हमले में चार सैनिक मारे गए।

## अब तीन दिन में मिलेगा ईपीएफ का पैसा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पीएफ से पैसा निकालने की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है. ईपीएफओ ने ऑटो मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे 6 करोड़ से ज्यादा पीएफ मेंबर को लाभ मिलेगा। यह एक ऐसी सुविधा है, जो इमरजेंसी में पीएफ सदस्यों को फंड प्रोवाइड कराती है। इसके तहत अब 3 दिन में ही पैसा बैंक अकाउंट में भेज दिया जाएगा। ईपीएफओ कुछ तरह की इमरजेंसी के लिए अपने सब्सक्राइबर्स को फंड से पैसे निकालने की सुविधा देता है. इसमें इमरजेंसी बीमारी के इलाज, एजुकेशन, शादी और घर खरीदना शामिल हैं।




## चीन को सलाह- यूरोप या रूस में से किसी एक को चुने

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि चीन, यूरोप और रूस के साथ एक ही समय पर अच्छे संबंध नहीं रख सकता। अमेरिका ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि चीन, यूरोप के साथ मजबूत रिश्ते रखे और साथ ही वह यूक्रेन युद्ध के बीच रूस का भी समर्थन करता रहे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बात कही। पटेल ने कहा कि पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना यूरोप और अन्य देशों के साथ मजबूत रिश्ते चाहता है। वहीं साथ-साथ वह यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा बने रूस की भी मदद कर रहा है।

## रनवे पर विमान टैक्टर से टकराया, बड़ा हादसा टला

**पुणे।** एयर इंडिया की दिल्ली आ रही फ्लाइट के साथ आज बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, पुणे एयरपोर्ट के रनवे पर विमान एक टग ट्रैक्टर से टकरा गया। इस दौरान विमान में 180 यात्री मौजूद थे। एयरपोर्ट के अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी।एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया, 'विमान में 180 यात्री मौजूद थे। विमान की नाक और लैंडिंग गियर के पास एक टायर क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर के बाद चालक दल के सभी सदस्य और यात्री सुरक्षित हैं।'



## मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी की शक्तियों में बड़ी कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी संबंधी शक्तियों में कटौती कर दी। शीर्ष कोर्ट ने कहा, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 44 के तहत कोई विशेष कोर्ट यदि मामले का संज्ञान ले लेता है, तो इसके बाद ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकता। जस्टिस अभय एस. ओका व जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, यदि ईडी किसी अपराध में समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हो चुके आरोपी को हिरासत में लेना चाहता है, तो उसे कोर्ट में आवेदन करना होगा।

पीठ ने एक मामले में कहा, यदि आरोपी किसी समन के जवाब में कोर्ट में पेश होता है तो जांच एजेंसी को हिरासत के लिए संबंधित कोर्ट में आवेदन करना होगा। यदि आरोपी कोर्ट के समन के जवाब में पेश हो रहा है तो उसे स्वत:-ही हिरासत में नहीं माना जा सकता। ऐसे आरोपी को जमानत का आवेदन देने की जरूरत नहीं है। इसलिए पीएमएलए कानून की धारा 45 की दोहरी शर्त ऐसे केस में लागू नहीं होगी। हालांकि, विशेष कोर्ट अभियुक्त को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 88 के अनुसार बॉन्ड देने का निर्देश दे सकता है।



समन पर पेश तो जमानत की दोहरी शर्त नहीं- सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य फैसले में स्पष्ट किया कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में कोई आरोपी अगर कोर्ट के समन पर हाजिर हुआ है तो उसे प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा-45 के तहत जमानत की दोहरी शर्त पूरी नहीं करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के सामने दो कानूनी सवाल थे कि क्या स्पेशल कोर्ट अगर पीएमएलए एक्ट के तहत बनाए गए आरोपी को समन जारी करता है तो क्या वह बेल के लिए आवेदन देगा? अगर हां तो क्या बेल के लिए पीएमएलए की धारा-45 के तहत दोहरी शर्त लागू होगी? दरअसल, पीएमएलए एक्ट की धारा-45 के तहत प्रावधान है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी को तभी जमानत दी जा सकती है जब वह दोहरी शर्त को पूरा करे।

**स्वाति पिटाई मामला**

## केजरीवाल से पूछताछ कर सकती है पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस एक्शन में है। मालीवाल के बयान दर्ज होने के बाद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। दिल्ली पुलिस रात में ही विभव कुमार के घर पहुंच गई। हालांकि वो नहीं मिले। बताया जाता है कि दस टीमें उसे तलाश रही हैं। वह कल लखनऊ में केजरीवाल के साथ नजर आए थे। माना जा रहा है कि आज विभव कुमार को किसी भी वक्त गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस शीघ्र मुख्यमंत्री आवास जाकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज व डीवीआर जब्त कर सकती है। बताया जाता है कि केजरीवाल, विभव कुमार व घटना के दौरान वहां मौजूद कर्मियों से पूछताछ की जा सकती है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जल्द मालीवाल का कोर्ट में भी सीआरपीसी की धारा 161 के तहत बयान दर्ज करा सकती है। पुलिस में दर्ज बयान में स्वाति का कहना है कि उन्हें लातों से मारा गया है. पेट और बॉडी पर भी हमला किया गया है. स्वाति ने दिल्ली पुलिस को चार दिन पहले किए गए पीसीआर कॉल के बारे में भी सिलसिलेवार जानकारी दी है। पुलिस ने गुरुवार को मारपीट, छेड़छाड़ और धमकाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।



**मेट्रो एंकर**

### चार वर्षों में की गई खुदाई में कई अहम जानकारियां मिली....

# सोने के शहर के पास मोतियों की पुरानी बस्ती मिली

**दुबई, एजेंसी।**

दुनियाभर में जिस दुबई को सोने का शहर कहा जाता है अब उसी के समीप मोतियों का शहर मिला है। संयुक्त अरब अमीरात के पुरातत्वविदों ने इस प्राचीन शहर खोजा है। यह दुबई से करीब 42 मील उत्तर-पूर्व में अल सिन्नियाह द्वीप पर प्राचीन बस्तियों जैसा है। इससे क्षेत्र के प्रारंभिक इतिहास के बारे में जानकारी भी मिलती है। इसे पर्लिंग सिटी (मोतियों का शहर) कहा जा रहा है। प्राचीन शहर के अवशेषों की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें तटरेखा के पास स्थित पत्थर की दीवारों की एक श्रृंखला दिखाई देती है। ऊपर से देखने पर ऐसा लगता है कि ये कई सारे आयताकार कक्ष बना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया है कि द्वीप पर बीते चार साल से खुदाई चल रही है। पिछले चार वर्षों में की गई खुदाई में कई अहम जानकारियां मिली हैं और आगे भी खुदाई और रिसर्च का काम जारी रखा जाएगा।

दरअसल,अल सिन्नियाह द्वीप लंबे समय से यूएई में पर्यटकों के लिए आकर्षण केंद्र है। अब इस क्षेत्र के प्राचीन इतिहास की कई अहम जानकारी सामने आने की बात आर्कियोलॉजिस्ट कह रहे हैं। उनका मानना है कि जिन बस्तियों के खंडहर और अवशेष मिले हैं, वह चौथी शताब्दी के आसपास के हैं। ये कम से कम 1,600 वर्ष पुराने हैं। अमेरिकन अखबार मियामी हेराल्ड के मुताबिक, एक्सपर्ट ने बताया कि साइट पर कई बड़े जार पाए गए, जिन्हें मेसोपोटामिया से आयात किया गया था। दो जहाजों पर अरामी शिलालेख अंकित हैं जो पहली से चौथी शताब्दी की अवधि से जुड़े हुए हैं। पुरातत्वविदों का मानना है कि खंडहर तवाम के खोए हुए शहर के हो सकते हैं, जिसका उल्लेख उनके निष्कर्षों के आधार पर ऐतिहासिक स्रोतों में किया गया है।



### क्यों कहा जा रहा पर्लिंग सिटी

**अवशेषों के आधार पर एक्सपर्ट इसे प्राचीन पियरलिंग सिटी कह रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पर्लिंग से मतलब मोती और अन्य पानी के नीचे के जीवों को खोजने के लिए समुद्र में गोता लगाने की प्रथा से है, जो हजारों वर्षों से क्षेत्र की संस्कृति का प्रतीक है। कहा जा रहा है कि प्राचीन शहर के लोग समुद्र पर निर्भर रहे होंगे। इसलिए इसे पर्लिंग सिटी कहा जा रहा है।**

# स्त्री सम्मान का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा

**भोपाल।** विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गावाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस पर दुर्गावाहिनी प्रांत संयोजिका सत्यकीर्ति राने द्वारा बताया गया कि पेड़, पानी, प्लास्टिक तीन मुख्य विषयों पर फोकस करके कैसे छोटे छोटे प्रयास पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं इस विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अशोक पोरवाल ने युवतियों से चर्चा करके घर में वाटर हार्वेस्टिंग, दृष्थ ब्रिक्स, किचन गार्डन, छत पर बागवानी, सीड बाल आदि के माध्यम से पेड़ उगाने, पानी बचाने, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचाने और प्लास्टिक री यूज करने हेतु प्रेरित किया ।



## पाइपलाइन की मरम्मत...



बाणगंगा नाले में बड़े तालाब की पाइपलाइन को सुधारते हुए नगर निगम कर्मचारी।

## डीएलएड में पंजीयन 26 मई तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से शुरू की गई है। इन संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

### 6 साल तक मकान का कार्य शुरू नहीं करने पर उपभोक्ता ने पहुंचा था उपभोक्ता आयोग

# बिल्डर ने नहीं बनाया समय पर घर, अब ब्याज सहित देने होंगे 7.29 लाख रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिल्डर द्वारा रूपए लेकर 6 साल तक घर बनाकर नहीं देने के एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में आदेश दिए है कि बिल्डर आदेश की प्रति प्राप्ति दिनांक से 2 माह के भीतर उपभोक्ता को 7.21 लाख रुपए की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करे। इसके साथ ही बिल्डर उपभोक्ता को मानसिक कष्ट के लिए 5 हजार और परिवादी व्यय के 3 हजार रुपए भी अदा करे। यह फैसला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल क्रमांक-1 के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्त, सदस्य प्रतिभा पाण्डेय की बेंच ने सुनाया है।

**यह है पूरा मामला:** दरअसल, तुलसी नगर निवासी सविता शर्मा पति विष्णु पी.शर्मा द्वारा बिल्डर जयदीप सिंह, जीएमवी, अनंता 2, बागली, मिसरोद के विरूद्ध जिला उपभोक्ता आयोग के परिवाद प्रस्तुत किया गया था। उपभोक्ता ने अपने परिवाद में बताया कि उन्होंने बिल्डर द्वारा विकसित किए जा रहे प्रोजेक्ट सीएमवी अनंता ए-2 में डुप्लेक्स 27 लाख 94 हजार रूपए में क्रय करना तय किया गया था। जिसमें से 7 लाख 21 हजार रुपए बिल्डर को अदा किए गए थे, लेकिन बिल्डर द्वारा 6 साल में कार्य शुरू नहीं किया गया। जिसके बाद उपभोक्ता ने जमा राशि वापस मांगी लेकिन वह भी वापस नहीं दी गई। उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग से मांग की कि बिल्डर से जमा राशि ब्याज सहित एक लाख रुपए प्रतिकर और अन्यत्र किराए से रहने के लिए किराए की राशि और बैंक से कर्ज प्राप्त करने के संबंध में एक लाख रुपए ब्याज की राशि दिलाई जाए।




मामले में उपभोक्ता आयोग ने सुनवाई के दौरान पाया कि परिवादी द्वारा बिल्डर को 7.21 लाख रुपए की राशि अदा की गई है, इसलिए वह विपक्षी का उपभोक्ता है। उपभोक्ता द्वारा प्रकरण से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए हैं। विपक्षी द्वारा लिखित कथन में कहीं भी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उसके द्वारा प्रोजेक्ट का विकास कार्य शुरू कर उपभोक्ता के मकान का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। उपभोक्ता की ओर से प्रस्तुत फोटोग्राफ से यह प्रकट होता है कि बिल्डर के द्वारा कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। निर्माण कार्य शुरू ना करना बिल्डर के द्वारा उपभोक्ता आयोग ने पाया कि उपभोक्ता से 7.21 लाख रूपए की राशि लेने के बाद भी मकान का निर्माण कार्य शुरू ना कर बिल्डर के द्वारा सेवा में कमी की गई है। इसलिए उपभोक्ता उसके द्वारा जमा की गई राशि ब्याज सहित प्राप्त करने की अधिकारी है।

### बिल्डर की ओर से दिया गया यह तर्क

मामले में बिल्डर की ओर से आयोग के समक्ष जवाब दिया गया कि स्वीकृत रूप से भवन का मूल्य 27 लाख 25 हजार रुपए होकर परिवादी द्वारा मात्र 7 लाख 21 हजार रुपए का भुगतान किया गया। परिवादी के द्वारा कभी भी उसके भवन की बुकिंग कैंसिलेशन के लिए सूचना नहीं दी गई है। भवन परिवादी के पति द्वारा बुक किया गया था। इस कारण परिवादी को यह परिवाद पत्र प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं है। उनके द्वारा सेवा में कोई कमी नहीं की गई है।

# डीईओ के आगे क्या सब नतमस्तक....!

### मुख्यमंत्री आवास तक गए, तो नाराज डीईओ ने कर दिया 7 शिक्षकों को सस्पेंड

### डीईओ ने समस्या का निराकरण नहीं किया तो सीएम से शिकायत करने पहुंचे थे शिक्षक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अपनी कार्यप्रणाली को लेकर भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार मामला शिक्षकों को निलंबित करने का है। जिले की शिक्षा व्यवस्था भले ही कैंसी भी चले, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी को यह बर्दाश्त नहीं है कि कोई उनके आदेश और कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज भी उठाए। ऐसा ही कुछ शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल के शिक्षकों के साथ हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्या का निराकरण नहीं करने पर मुख्यमंत्री तक शिकायत करना शिक्षकों को भारी पड़ गया और नाराज डीईओ त्रिपाठी ने 7 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया। अब शिक्षक परेशान है कि जब मुख्यमंत्री तक शिकायत करने के बाद भी उन्हे सस्पेंड किया जा रहा है, तो फिर उनकी सुनवाई कहां होगी।

### यह है पूरा मामला

राजधानी में स्थित शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल के शिक्षकों के बीच कई दिनों से खींचतान चल रही थी। इस स्कूल के सात शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया था, लेकिन वे नहीं जा रहे थे। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पास भी आवेदन दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हालांकि मांगों पर सुनवाई न होने के कारण मुख्यमंत्री के पास जाना शिक्षकों को महंगा पड़ गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उनकी मांगों का निराकरण करने के बजाय उन्हें निलंबित कर दिया। इसे जिला डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने अनुशासनहीनता करार दिया और स्कूल की सहायक शिक्षक मंजू, परिणीता मालवीय, इंदिरा रानी दुबे, नीलम सिंह, रजनी सैनी, केजी मिश्रा समेत सात को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय शासकीय स्कूल नजीराबाद बैरसिया नियत किया गया है।

# शोध पत्रों के प्रकाशन का ट्रेंड बहुत तेजी से बदल रहा, इसके साथ चलने की जरूरत: स्वाति

### पीएसएससीआईवीई: अकादमिक पुस्तकों के प्रकाशन पर हुई कार्यशाला, अधिकारी-कर्मचारियों से भी हुई चर्चा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) में गुरुवार को अकादमिक पुस्तकों के प्रकाशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता अकादमिक प्रकाशन कंपनी स्प्रिंगर नेचर की संपादकीय निदेशक स्वाति महर्षि ने कहा कि शोध पत्रों के प्रकाशन का ट्रेंड बहुत तेजी से बदल रहा है हमें इसके साथ चलने की जरूरत है। उन्होंने पुस्तक प्रकाशन जगत में बदलावों और जरूरतों के बारे में बताते हुए कहा कि शोधकर्ताओं को इसके लिए तैयारी करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में स्वाति महर्षि ने पुस्तक प्रकाशन प्रक्रिया, पुस्तक प्रपोजल, पुस्तक के लिए मैनुस्क्रिप्ट की तैयारी, पुस्तक रिव्यू प्रक्रिया, प्रकाशन के बाद की प्रक्रिया, ओपन एक्सेस पुस्तकें तथा एआई जैसे विषयों को विस्तार से बताया। कार्यशाला के अंत में स्वाति ने पीएसएससीआईवीई के संकाय सदस्यों एवं पाठ्यपुस्तकों के डेवलपमेंट से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने संस्थान के विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा संस्थान स्कूलों में शिक्षा के व्यावसायीकरण के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

# कॉलेज प्रवेश: यूजी-पीजी में पंजीयन एक लाख पार, 98 हजार ने च्वाइस लॉक की, 20-21 मई अंतिम तारीख

### इस बार काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं प्रदेश के 1275 सरकारी और निजी कॉलेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के निजी और सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए चलाई जा रही ई-प्रवेश प्रक्रिया में पंजीयन जारी है। अब तक यूजी-पीजी में करीब 1.09 लाख हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए हैं। यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की पंजीयन की आखिरी तारीख 20 मई है। वहीं पीजी कोर्स में 21 मई तक पंजीयन होंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 21 मई तक होगा। यूजी के पहले चरण की सीट आवंटन होने के बाद विद्यार्थियों को 25 मई से 3 जून तक फीस जमा करना होगी। बता दें कि उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल प्रवेश के लिए दो काउंसलिंग एवं एक सीएलसी राउंड रखा है। पिछले वर्ष एक ही काउंसलिंग राउंड था। प्रवेश के लिए पहले दो चरण ऑनलाइन काउंसलिंग की जाएगी। जबकि तीसरे चरण में कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की जाएगी, जो 21 जून से शुरू होगा। पंजीयन करवाने के बाद कॉलेजों में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की सूची लगाई जाएगी।

### दस्तावेजों के सत्यापन की गति धीमी

उच्च शिक्षा विभाग की ई-प्रवेश प्रक्रिया में इस बार प्रदेश के 1275 सरकारी और प्राइवेट कॉलेज शामिल हो रहे हैं। इन कॉलेजों कुल सीटें 8.09 लाख हैं। पंजीयन का आंकड़ा एक लाख पार हो चुका है। हालांकि दस्तावेजों के सत्यापन की गति बहुत धीमी है। अब तक करीब 77886 विद्यार्थियों के ही सत्यापन हो पाए हैं।

### 21 को होगा एनसीटीई के कोर्सों की सीटों का आवंटन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बीएड कॉलेजों में संचालित एनसीटीई के नौ कोर्सों में एडमिशन के लिए भी ई-प्रवेश प्रक्रिया चलाई जा रही है। इन सभी नौ कोर्सों में 88,835 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 86137 ने चॉइस फिलिंग की है जबकि 80986 स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई हुए हैं। इन सभी कोर्सों में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग और वेरिफिकेशन बीएड कोर्स में हुए हैं। दूसरे नंबर पर बीए-बीएड और तीसरे नंबर बीएससी बीएड है।

# एसएचआईएम की छात्राएं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की छात्राओं ने प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंदौर के द्वारा आयोजित नेशनल बिजनेस प्लान प्रतियोगिता स्वाबलंबन-2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉम्पटीशन में देश के विभिन्न प्रबंध संस्थानों से प्रतिभागियों ने सहभागिता की थी।



संस्थान की छात्राओं ने अपने बिजनेस प्लान को रखा और निर्णायकों के प्रश्नों के उत्तर दिए। एमबीए छात्राएं अंशिका गर्ग, तनीषा सुंदरानी, अदिति बढ़गैया एवं स्नेहा छत्तानी की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जिसमें 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिए गए। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी एवं निर्णायक शामिल थे।

छात्राओं ने डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बिजनेस प्लॉन तैयार किया था। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने बताया कि संस्थान की छात्राओं ने बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने छात्राओं को बधाई दी।

**मेट्रो एंकर**

### ईश्वर प्रेम मिशन, हमेशा असहायों की करता है मदद :कृष्ण प्रेम

# बच्चों को कटर हिन्दू बनाएं: महंत भक्ति प्रिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गुरूवार को श्रीम भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन स्वामी कृष्ण प्रेम ने ईश्वर प्रेम मिशन के बारे बताया। उन्होंने बताया कि पूरे देश में मिशन के 22 आश्रम हैं, इन आश्रमों हमेशा सेवा गतिविधियां चलती रहती हैं सबसे पहले प्रयागराज में आश्रम की स्थापना हुई थी उसके बाद देश के अलग.अलग शहरों में आश्रम की शाखाएं खोली गई है वर्तमान में महंत भक्ति प्रिया मिशन की अध्यक्ष हैं। इनके नेतृत्व में पूरे देश में कई आयोजन निरंतर जारी रहते हैं।

महंत भक्ति प्रिया कहा कि आप ईश्वर से प्रेम करिए मैं अपने आप आप तक पहुंचेगी आप उससे कुछ मांगिए मत वह बिना मांगें आपकी पूरी कर देगा। गोपियां यशोदा मैया के पास जाती थी तब वह अपनी लीलाओं से उनकी शिकायतों को गलत बता कर उन्हे ही रूला देते थे भगवान श्री कृष्ण की माखन



चोरी और मिट्टी खाने वाली जैसी महिलाओं के बारे में आज विस्तार से बताया गया आज की कथा में भगवान श्री कृष्ण जी का विवाह एवं अन्य लीलाओं के बारे में बताया गया महन्त भक्ति प्रिया जी ने आगे कहा कि अपने आप को हमेशा आनंदित रखिए आनंद में रहोगे तो कभी अपने आप को कमजोर नहीं समझोगे क्योंकि दुनिया के हो जाते हो तो अपमान होता है भगवान के हो जाइये हमेशा सम्मान होगा गोपियां श्री कृष्ण भगवान को अत्यंत प्रिय थी गोपियों के कारण कई बार श्री कृष्ण भगवान को अपने भेस बदलने पड़े थे। महंत संत श्री भक्ति प्रिया जी के साथ मंच पर स्वामी कृष्ण प्रेम जी, साध्वी मंजरी, साध्वी हरी प्रिया, साध्वी श्री प्रिया, साध्वी आकाश गंगा, चंद्रा, गीता, नीता, राजी, किशोरीप्रिया, चेतना, दीपिका मोनिका अजय, हिमांशी मौजूद थीं।

आशू जी ने कथा के प्रवचन और भक्ती गीतो में अपना सहयोग दिया आज के कार्यक्रम में स्वामी शान्ति प्रकाश आश्रम की दादी विद्या देवी, भोपाल के बाबल साई जी एवं आशापुरा दरबार की मां गीता जी उपस्थित थे माता रोशनी जी अंकित नेनवानी एवं राहुल जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर माता रोशनी के द्वारा कराई गई कथा के आयोजन की आशापुरा दरबार की गीता मां जी द्वारा सराहना की गई।

## मुख्यमंत्री के दूसरे राज्यों में तूफानी चुनाव दौरे

# बयानों पर उबली सियासत, आयोग से हुई शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र के बाहर झारखंड, उप्र, हरियाणा, दिल्ली में चुनाव प्रचार कर रहे मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बयान पर कांग्रेस में बवाल मच गया है। पार्टी ने मोर्चा खोलते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त से मुख्यमंत्री के प्रचार करने पर रोक लगाने की मांग के साथ कार्रवाई करने की मांग भी कर डाली है। उधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उक्त भाषा को गली जैसी भाषा बताकर निंदा की तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री ऐसी भाषा का उपयोग मतदाताओं में नफरत फैलाने के लिए कर रहे हैं। धर्म के नाम पर वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस मीडिया प्रमुख मुकेश नायक ने कहा मुख्यमंत्री को अपना इलाज कराना चाहिए।






**धनोपिया ने लिखा पत्र, गाली के आरोप–** कांग्रेस के चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि 15 मई को मुख्यमंत्री यादव ने हरियाणा के गुडगांव लोकसभा क्षेत्र के रेवाडी जिले के कौसली में चुनावी आमसभा में खुलकर धर्म का दुरूपयोग किया। भगवान राम के नाम पर मतदाताओं से वोट मांगे। धनोपिया ने एक अशोभनीय शब्द का उल्लेख करते हुए कहा कि यादव ने भाषण में कांग्रेस पार्टी के प्रति इस असंसदीय शब्द का उपयोग किया। धनोपिया के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर बनने पर कांग्रेस ने खुशी तो जाहिर की लेकिन उनकी छाती पर सांप लौट रहे थे, जब मंदिर बन गया तो कहने लगे हमारे राम, तुम्हारे राम, आओं बेटा लेकिन तुमने तो ---- किया है, अब जनता तुम्हारा हिसाब करेगी और कांग्रेस को वोट नहीं देंगी।

### कांग्रेस ने देश को कलंकित किया: यादव

उधर झारखंड में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जेल मैदान छतरो, बरही एवं कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में जयानगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को कलंकित करने का काम किया है। इन्होंने देश का बंटवारा कराया, भगवान श्रीराम को खुले आसमान में बैठाकर रखा, धारा 370 लगाई, लेकिन अब देश की बागडोर नरेंद्र मोदी जैसे सक्षम हाथों में है।

### राजगढ़ : लोडिंग यूनिट सुरक्षित



लोकसभा चुनाव परिणाम के पहले राजगढ में ईवीएम मशीनों के मामला सुर्खी में आया तो राजगढ़ कलेक्टर ने चुनाव आयोग को स्पष्ट किया है कि वहां आयोग व न्यायालय के निर्देशो के पूरा पालन किया गया है। दरअसल कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह द्वारा सिंबल लोडिंग यूनिट के संबंध में आपत्ति सामने आने के बाद कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने आयोग को इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने आयोग को बताया कि राजगढ़ में नाम निर्देशन-पत्र प्राप्ति के पश्चात् विधानसभा खण्ड में आबंटित ईवीएम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बेल के इंजीनियरों द्वारा वीवीपेट में प्रतीक चिन्ह लोडिंग की जाती है। इस प्रक्रिया में इंजीनियरों द्वारा सिंबल लोडिंग एवं कमिशनिंग का कार्य 1 मई के पहले किया जा चुका था। आयोग के निर्देश के अनुरूप उपयोग किये गये 5 एवं उपयोग नहीं किये गये 5 इस प्रकार कुल 10 एसएलयू पुन: बेल इंजीनियरों को मतदान के दूसरे दिन पुन: सौंप दी गई हैं।न्यायालय के आदेश एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश/प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किया गया है एवं उसमें किसी प्रकार की कोई कोताही नही बरती गई है।

### पटवारी ने लालच व दबाव में पार्टी छोड़ने वालों पर कसा तंज



पंजाब रवाना होने से पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने गुरुवार को प्रदेश के कांग्रेसियों के नाम एक पत्र लिखा है। जिसमें चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने वालों पर तंज कसा। लिखा कि कुछ लोगों ने दबाव व लालच के कुचक्र में फंसकर पार्टी छोड़ी, लेकिन उनका हश्र बुरा हो रहा है। आने वाले दिनों में वे जिस दल में गए हैं वहां और परेशान होंगे। यह भी कहा कि हमारे पूर्वजों ने बयान नहीं, बलिदान देकर विचारधारा में प्राण फूंके हैं। ऐसे दल के सिपाही होने पर हमें गर्व है। कांग्रेस ने पहले भी संघर्ष देखा है और अब भी हम संघर्ष से गुजर रहे हैं। इसमें लालच, दबाव और दुष्प्रचार को सत्ता में बैठे लोगों ने हथियार बनाया, जिसमें हम और आप नहीं झुके, यही हमारी ताकत है। उन्होंने चुनाव में सहयोग करने और विपरीत स्थिति में जुटे रहने पर साधुवाद दिया। पटवारी ने अपने पत्र में लिखा कि ऐसे दौर और हालात में, जब विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद हताशा और निराशा का माहौल था। डर, दबाव और लालच के कुचक्र में फंसे साथी, सत्ता के समक्ष समर्पण करते हुए, कांग्रेस से किनारा कर रहे थे तब कई साथियों ने पार्टी के लिए जान झोंक दी थी।

### 'आचरण में राम क्यों नहीं'



इधर, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने मुख्यमंत्री द्वारा देश-प्रदेश के कांग्रेसजन के प्रति अमर्यादित, आपत्तिजनक और अशोभनीय शब्दों का उपयोग किये जाने पर उन्हें संकुचित मानसिकता का परिचायक बताया है। नायक ने कहा है कि मुख्यमंत्री को किसी अच्छे मनोचिकित्सक से अपना इलाज कराना चाहिये। राम विश्व के आराध्य हैं। संकीर्ण सोच, सत्तालोलुपता की लालसा रखने वाले, धर्म के नाम पर राजनैतिक रोटियां सैंकने वाली भाजपा और उसके नेताओं ने जगत के स्वामी श्रीराम को ही सियासत का विषय बना दिया। नायक ने कहा कि महात्मा गांधी की अंतिम सांस में उनके श्रीमुख से राम नाम निकला, उनका यह गीत रघुपति राघव राजा राम पूरे भारत वर्ष ने गया और यदि प्रदेश के मुखिया के रोम-रोम में राम है तो उनके आचरण में राम क्यों नहीं हैं, उनके चरित्र में राम क्यों नहीं हैं। उनके आसपास दलालों का जमघट क्यों है? उनके इस तरह के बदमिजाज और बदतमीजी पूर्ण वक्तव्यों की लंबी श्रृंखला हैं।

---

### 20 तक फीस तय करने का एएफआरसी का निर्देश

## 37 इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों ने नहीं किया आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एडमिशन एंड फीस रेगुलेशन कमेटी (एएफआरसी) को प्रदेश के इंजीनियरिंग, एमबीए, फामेर्सी, लॉ, एनसीटीई कोर्स सहित 250 कालेजों की फीस तय करना है। लेकिन इनमें से 37 इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने फीस तय कराने के लिए आवेदन नहीं किया है। इन कॉलेजों को आवेदन के लिए 30 अप्रेल तक का समय दिया था। कमेटी को सभी कॉलेजों से कुल 213 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनसे में 60 बीएड कॉलेजों की फीस तय की जा चुकी है।

एएफआरसी ने आगामी सत्र 2024-25, 2025-26 और 2026-27 की फीस निर्धारित कराने कॉलेजों को आवेदन जमा के दो मौके दिए थे। अब एक बार फिर आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। कॉलेज 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग 15 मई से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। जबकि 111 बीएड एवं लॉ कॉलेजों ने आवेदन किया था, इनमें से 60 कॉलेजों की फीस तय कर दी गई है।

### यह है नियम

नियम अनुसार हर कॉलेज के लिए फीस तय करवाना जरूरी होता है। अगर कॉलेज फीस तय नहीं कराते हैं, तो वे काउंसलिंग की प्रक्रिया में हिस्सा भी नहीं ले सकते हैं। भले ही फीस बढ़ाई नहीं जाए।

### पढ़ाई की कास्ट पर फीस तय होगी



कॉलेजों की फीस तीन साल के लिए तय की जाती है। ऐसे मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज जिनकी अवधि समाप्त हो चुकी है और आवेदन नहीं किया है। वे प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे। इन्हें आवेदन करने आखिरी मौका दिया गया है।

### माधवीराजे की अंत्येष्टि में शामिल हुए सीएम-वीडी



**भोपाल/ग्वालियर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने गुरूवार को ग्वालियर पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवीराजे सिंधिया की पार्थिव देह के दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं अंत्येष्टि में शामिल हुए। यादव ने कहा कि भगवान महाकाल से प्रार्थना है कि स्व. माधवीराजे सिंधिया को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें। शर्मा ने कहा कि मैं स्नेहमयी राजमाता के चरणों में अपने श्रद्धा के सुमन अर्पित करता हूं।

## वन रक्षकों व वनक्षेत्र रक्षकों की भर्ती का दूसरा चरण 24 मई से होगा शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** वन रक्षक व वन क्षेत्ररक्षकों की भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 24 मई से शुरू होगा। पहली परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के इस चरण में दस्तावेजों की जांच होगी, इसमें सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक माप की जाएगी। इसके बाद पैदल चाल होगी। दूसरे चरण की उक्त प्रक्रिया 27 मई तक 37 जिला मुख्यालयों पर चलेगी। वन मुख्यालय में प्रशासन-2 की अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कमलिका मोहंता ने बताया कि दूसरे चरण के लिए 37 जिलों में वन मंडलाधिकारियों को नोडल अधिकारी बना दिया। अभ्यर्थी कर्मचारी चयन मंडल व वन विभाग के अधिकृत पोर्टल से अन्य सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

## चार धाम जाने वालों के लिए मंत्री की अपील, फिलहाल टाल दें यात्रा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उत्तराखंड में उमड़ पड़ी है। ऐसे में वहां जाम की स्थिति बन रही है। रास्तों पर सैंकड़ों लोग फंसे हुए हैं। ऐसे में पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी का एक वीडियो सामने आया है, उन्होंने मप्र से चार धाम यात्रा पर जाने वालों से अपील की है कि फिलहाल यात्रा टाल दें। वजह भी बताई कि वहां यात्रा मुश्किल दौर से गुजर रही है। सड़कों पर वाहन रेंग रहे हैं। व्यवस्था चरमरा गई है। जब तक व्यवस्था पटरी पर न आ जाए तब तक के लिए किसी ने चार धाम जाने की योजना बनाई है या बना रहे हैं तो उसे फिलहाल के लिए स्थगित कर दें। राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने यह भी हवाला दिया कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बातचीत हुई है। मप्र के जो श्रद्धालु उत्तराखंड में हैं और वहां असुविधाएं झेल रहे हैं, उनकी सरकार पूरी चिंता कर रही है। हालांकि मंत्री के इस बयान के पहले ही वहां बिगड़ी स्थिति को देखते हुए लगभग सभी श्रद्धालुओं ने चार धाम यात्रा टाल दी थी। मप्र से कोई भी नए श्रद्धालु उत्तराखंड नहीं गए। यहां तक कि जो मप्र से निकले चुके थे और पहुंचने वाले थे वे भी वापस लौट रहे हैं।

### एमसीयू में 31 तक कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में शुक्रवार से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने बताया कि विश्वविद्यालय पहली बार स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी-यूजी में शामिल हुआ है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

**मेट्रो एंकर**

### 10वीं-12वीं के डेढ़ लाख से ज्यादा छात्रों ने किया आवेदन

## मंडल ने परीक्षा में फेल किया, अब राज्य ओपन से पास होने की कोशिश में विद्यार्थी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में फेल हो चुके विद्यार्थी राज्य ओपन से परीक्षा देंगे। चार दिन बार 20 मई से परीक्षाएं शुरू हो रही है। बोर्ड के पास करीब डेढ़ लाख विद्यार्थी अब तक आवेदन कर चुके हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 24 अप्रेल को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित किया। परीक्षा में 18 लाख विद्यार्थियों में से करीब पांच लाख फेल हो गए। असफलता के कारण ये कहीं पढ़ाई न




छोड़ दे इसे देखते हुए राज्य ओपन रूक जाना नहीं योजना के तहत विद्यार्थियों की दोबारा परीक्षा कराएगा। दसवीं और बारहवीं में फेल हो चुके स्टूडेंट इसमें शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थी उन विषयों की परीक्षा में शामिल हो सकता है जिनमें वह फेल हो गया। परीक्षा पास करने के बाद उत्तीर्ण की मार्कशीट मिलती है। फेल होने पर विद्यार्थी पढ़ाई न छोड़ दें इसे देखते हुए योजना शुरू की गई थी। परीक्षा के एक दिन पहले तक आवेदन किया जा सकता है।

### चार दिन बाद शुरू होगी परीक्षा, तैयार हो रहे केन्द्र

परीक्षा का आयोजन कराने जिला स्तर पर केन्द्र बनाए जाएंगे। विद्यार्थिंयों की संख्या के आधार पर इसकी तैयारी चल रही है। इसके लिए उन केन्द्रों की सूची मंगाई है जो बोर्ड परीक्षा के दौरान बनाए गए थे। इन्हीं में से चयन होगा। रूक जाना योजना के तहत 20 मई से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा कराई जानी है। मंडल से जारी रिजल्ट में जो विद्यार्थी फेल हुए वे आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के एक दिन पहले तक आवेदन लिए जाएंगे।




## संपादकीय

# बदलते मौसम व इंतजाम

मौसमों का वह मजा अब नदारद होता जा रहा है जो करीब दो दशक पहले तक महसूस होता था। हाल के कुछ बरसों में तो ठंड गर्मी बारिश ही नहीं बल्कि बसंत भी रूठ या अनमना लगता है। गर्मियों में बारिश होती है तो ठंड में कभी तपिश तो कभी अंधड चलते हैं। पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर एक आशंका सदैव बनी रहती है। वहीं दूसरी और सरकारी एजेंसियां भी अनियमित मौसम या तीखे तेवरों से निपटने के प्रभाव इंतजामों की ओर उदासीन नजर आती है। दुनिया भर के जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है और इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से करीब आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं। दरअसल, गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है, उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करना भी एक जरूरी कदम होगा। तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। जरूरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए।यानि मौसमों के बदलते तेवरों को संभालने के जतन के साथ ही इसकी मार से आम लोगों को संभालने के जतन हों यानि दो मोर्चे पर काम की जरूरत है।

---

जिंदगी डॉक्टर की गोली के साथ नही, मित्रो की टोली के साथ, गुजारना चाहिए।

## आज का इतिहास

- 1742 चटुट्ज़ित्ज़ की लड़ाई- फ्रेडरिक द्वितीय और पर्शिया ने ओस्ट्रियों को पराजित किया।
- 1744 फ्रेंच किंग लुई ङ्क्ष्ङ्क ने ब्रिटेन पर युद्ध की घोषणा की।
- 1756 ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा
- 1782 ग्रेट ब्रिटेन की संसद ने आयरलैंड अधिनियम की निर्भरता को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम के निरसन को पारित किया।
- 1792 न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की शुरुआत से, बटनवुड समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1792 चौबीस स्टॉक ब्रोकर्स ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के बटनवुड समझौते पर हस्ताक्षर किए
- 1814 नॉर्वे के संविधान पर हस्ताक्षर किए गए और नॉर्वे की संविधान सभा द्वारा क्रिश्चियन फ्रेडरिक को नॉर्वे का नया राजा चुना गया।
- 1863 रोसालिया डी कास्त्रो ने कैंट्रेस गैलीगोस, उनकी कविता का एक संग्रह, गैलिशियन भाषा में पहली पुस्तक प्रकाशित की।
- 1865 इंटरनेशनल टेलीग्राफ यूनियन की स्थापना की गयी।
- 1865 इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन यूनियन, एक अंतर्राष्ट्रीयकरण, जो अंतर्राष्ट्रीय रेडियो और प्रौद्योगिकी को मानकीकृत और नियंत्रित करता है, को इंटरनेशनल टेलीग्राफ यूनियन इनपैरिस के रूप में स्थापित किया गया था।
- 1884 अलास्का को एक अमेरिकी क्षेत्र में मिलाया
- 1900 चीन में बॉक्सर्स द्वारा पेकिंग के 100 मील के भीतर तीन गांवों को जला दिया जिसमे 60 चीनी और क्रिश्चियन नागरिक मारे गए।
- 1902 एंटीकाइथेरा तंत्र, सबसे पुराना ज्ञात जीवित गियरडैमचैनिज्म है, जिसे एंटीकाइथेरा के ग्रीक द्वीप के एक जहाज से उतरने वाली कलाकृतियों के बीच खोजा गया था।

## निशाना

### ठीक नहीं चिल्लाना !



चल रही तलाशी तो ।
है करना सहयोग ।।
क्यों करना ये चिंता ।
क्या कहेंगे लोग ।।
ठीक नहीं चिल्लाना ।
है चुनावी बेला ।।
सबके साथ है यही ।
ना कोई अकेला ।।
अपने अपने काम पर ।
रहे केवल ध्यान ।।
मुफ्त में ही है मिलता ।
वाजिब जो सम्मान ।।
कर देना सार्वजनिक ।
हो रहा अन्याय ।।
आप ही के पास तो ।
है सारा उपाय ।।

- कृष्णेन्द्र राय

---

## जैव विविधता का मूल्य समझना समय की मांग

# धरती पर टिकाऊ भविष्य की दिशा में यही एक रास्ता

■ वीर सिंह

जैव विविधता के गॉडफादर के रूप में लोकप्रिय अमेरिकी पारिस्थितिकी विज्ञानी थॉमस ई. लवजॉय की एक मार्मिक टिप्पणी है, जैविक विकास की अंतिम विडंबना यह हो सकती है कि मनुष्य के मस्तिष्क के माध्यम से आत्म-समझ प्राप्त करने के तुरंत बाद जीवन ने अपनी सबसे सुंदर रचनाओं को नष्ट कर दिया होगा। जीवन की विविधता के मूल में एक मूलभूत सत्य निहित है ~ जगत में सबकुछ अंतर्संबंधों से बंधा है। जैव विविधता जीवन के स्थायित्व और चिरंजीविता के केंद्र में है, किंतु जैव विविधता के योग से भी परे अस्तित्व से आलोक से सराबोर जीवन स्वयं में नैसर्गिक विकास (इवोल्यूशन) की एक मनोरम गाथा का प्रतीक है। जैव विविधता ही जीवन की नैया की खेवनहार है। जितनी अधिक जैव विविधता, उतना ही अधिक जीवन का उत्कर्ष, उतना ही प्रबल जीवनगामी पृथ्वी का ब्रह्मांड में साम्राज्य ! जैव विविधता जीवन की शाश्वतता की अनंत कथा है। जैव विविधता प्रकाश की जीवंत कहानी है, जिसे सूर्य का प्रकाश प्रकाश-संश्लेषण के माध्यम से जीवन ऊर्जा के अनंत रूपों में खिलकर आकाशगंगाओं को सुनाता है। प्रकाश की सृजनात्मक क्षमता असीमित है। पेड़-पौधों के पर्णहरित से अठखेलियां कर प्राकृतिक विकास के नवाचारों के झरोखे खोलता प्रकाश अनंत जीवों और पारिस्थितिक तंत्रों को निरंतर पोषित करता है। जीवन कथा को अमर बनाए रखने के लिए समय की धारा के साथ नई प्रजातियां और उनके आनुवंशिक रूप जीवन को समृद्धि और आनंद का उपहार देते रहते हैं।



एक बहती नदी के समान ऊर्जा जीवन के विभिन्न माध्यमों से स्वयं को अभिव्यक्त करती है। पदार्थ निष्क्रिय होता है, ऊर्जा क्रियाशील। पदार्थ की क्रियाशीलता ऊर्जा के कारण ही होती है। संपूर्ण ब्रह्मांड की गतिशीलता का स्रोत ऊर्जा ही है। मुक्तावस्था में ऊर्जा विध्वंसक रूप ले सकती है, जिसे एन्ट्रॉपी कहते हैं। असंख्य जीव-वाहिकाओं में प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से प्रवेश कर सौर ऊर्जा एक रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करती है। सभी जीवधारियों का व्यवहार और उनके कार्य-कलाप उसी ऊर्जा की रचनात्मक अभिव्यक्तियां हैं।

मुक्तावस्था में यही ऊर्जा अराजक हो सकती थी। ऊर्जा जीवन की जितनी विविधता में क्रियाशील होगी, उतनी ही सृजनशीलता और संतुलन की अवस्था में होगी। इसी प्रकार, पृथ्वी की भी ब्रह्मांड के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रह्मांड की एन्ट्रॉपी को नियंत्रित कर एक ब्रह्मांडीय संतुलन स्थापित करना ही जैव विविधता-भरी पृथ्वी का अनुष्ठान है। पृथ्वी पर जीवन केवल पृथ्वी का ही नहीं, ब्रह्मांड का एक उपादान है। पृथ्वी का उदय ब्रह्मांड के विकास की अनवरत यात्रा का एक लक्ष्य रहा होगा। ब्रह्मांड में 'बिग बैंग' की घटना से कालांतर में पृथ्वी-रूपी अमृत निकला, जैव विविधता जिसकी बूंदें हैं !

ऐसे परिदृश्य पर विचार करें, जहां जीवन केवल एक ही प्रजाति के रूप में हो। ऐसा जीवन निरा अनिश्चित-सा होगा और ऐसी दशा में पृथ्वी कभी भी दुर्भिक्ष या किसी महामारी के कारण जीवन-विहीन हो सकती है। जीवों की घनी विविधता ने ऐसी संभावनाओं को क्षीण कर दिया। जीवन की स्थिरता, गतिशीलता और निरंतरता उसकी विविधता पर निर्भर है। जैव विविधता जीवन को जलवायु संबंधी अनियमितताओं के प्रति लचीला बनाती है और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम जीव समुदायों को पोषित करती है। विविधता स्वयं जीव समुदाय के लिए अस्तित्व का कारक है। जैव विविधता का समृद्ध भंडार जैव-रासायनिक चक्रों की निरंतरता सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, जैव विविधता पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखती है और जैवमंडल के जीवन-निर्वाह को संरक्षित करती है। जैव विविधता हमारे जिंदा ग्रह को जीवन-शक्ति प्रदान करती है। इस अद्भुत विविधता के जागरूक प्रबंधक के रूप में आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन के बहुरूप दर्शन को संरक्षित करना हमारा परम दायित्व है। पारिस्थितिक दार्शनिक हेनरिक स्कोलिमोस्की ने अस्तित्व संरक्षण के लिए जैव विविधता के आंतरिक मोल पर जोर देते हुए मानवता और प्रकृति के बीच गहन अंतर्संबंध को गहराई से स्पष्ट किया है। जीवों के पारस्परिक तालमेल और मानव सहित संपूर्ण जीवन के अस्तित्व के लिए जैव विविधता जीवन के मूल सार का प्रतीक है।

जैव विविधता जीवन की रचनात्मकता की असंख्य अभिव्यक्तियों को दर्शाती है, जिसमें प्रजातियों, पारिस्थितिक तंत्र और आनुवंशिक विविधता का समृद्ध स्पेक्ट्रम सम्मिलित है और जो हमारे ग्रह पर स्वयं हमारी प्रजाति के अस्तित्व के पहले से निवास करते हैं। स्कोलिमोस्की की पारिस्थितिक दर्शन की अंतर्दृष्टि हमें जैव विविधता को केवल दोहन किए जाने वाले संसाधन के रूप में नहीं, वरन एक पवित्र विरासत के रूप में समझने के लिए प्रेरित करती है। सूक्ष्म जीव से लेकर विशालकाय रेडवुड तक, प्रत्येक जीव पारिस्थितिक संतुलन और स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जीवन की जटिल प्रक्रियाओं में योगदान देते हैं।

स्कोलिमोस्की की दृष्टि में, जैव विविधता जीवित पृथ्वी की परम आत्मा का प्रतीक है, जिसके बल पर हमारा जैव मंडल जीवन-शक्ति और संतुलन के साथ स्पंदित होता है। अभूतपूर्व पर्यावरण चुनौतियों के युग में जैव विविधता जीवन के अस्तित्व की कुंजी है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन में तेजी आ रही है और पारिस्थितिकी तंत्र बढ़ते खतरों का सामना कर रहा है, पारिस्थितिक दर्शन से मिला ज्ञान हमें प्रकृति के साथ अपने रिश्तों को फिर से जागृत करने और पारिस्थितिक प्रबंधन के प्रतिमान को अपनाने का आग्रह करता है। जैव विविधता से भावी पीढ़ियों के लिए सुख, समृद्धि और संतोष की विरासत सुनिश्चित होती है। हेनरिक स्कोलिमोस्की का पारिस्थितिक-दर्शन अस्तित्व के ब्रह्मांडीय स्पंदन के भीतर जैव विविधता के मोल का गहरा प्रमाण प्रस्तुत करता है। जैव विविधता को एक पवित्र विरासत के रूप में अपनाकर हम अपने ग्रह पर संपूर्ण जीवन के लिए अधिक सामंजस्यपूर्ण और टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक रास्ता बना सकते हैं।

**साभार- लेखक पर्यावरण विज्ञान, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में प्रोफेसर हैं।**

---

# महंगाई के खिलाफ उपजे आक्रोश की तपिश

■ विवेक शुक्ला

जब हमारी कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव का प्रचार जारी है, तब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के बहुत बड़े हिस्से में अवाम सड़कों पर है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सिर्फ 130 किलोमीटर दूर पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद और मीरपुर जैसे प्रमुख शहरों में जनता सरकार से दो-दो हाथ करना चाहती है। जनता पीओके सरकार और देश की संघीय सरकारों से अपना हक मांग रही है।

पीओके में जब आंदोलन चल रहा है, तब भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव की कैंपेनिंग के दौरान पीओके का जिक्र आ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीते रविवार को कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पीओके को भारत से मिलाने पर भारतीय संसद का एक अहम प्रस्ताव भी है। बहरहाल, पीओके की बिगड़ती स्थिति की वजह से पाकिस्तान के रहनुमाओं की रातों की नींदें उड़ गई हैं। पाकिस्तान तो भारत के जम्मू-कश्मीर पर बार-बार अपना दावा करता है, पर दुनिया देख रही है कि उसके कब्जे वाला कश्मीर जल रहा है। पीओके की अवाम बिजली की भारी-भरकम बिलों और आटे के आसमान छूते दामों के कारण आक्रोशित है। वहां पर संकट गहराता जा रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया के दौर में पीओके की जनता देख रही है कि भारत के कश्मीर में जनता कम से कम बिजली के बिलों या आटे की आसमान छूती कीमतों के कारण तो नाराज नहीं है। वहां अन्य मसले हो सकते हैं, पर कुल मिलाकर जीवन सुकून भरा है। पीओके में ताजा हिंसक आंदोलन की तात्कालिक वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने आटे की कीमतों को कम करने की मांग को मानने से इंकार कर दिया है। बिजली के बिल कम करने पर तो सरकार आंदोलनकारियों से कोई बात करने तो वैसे भी तैयार नहीं है। दरअसल, पीओके में बवाल तब शुरू हुआ जब अवामी एक्शन कमेटी ने 8 मई, 2024 को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किए थे। इससे पहले, बीते साल अगस्त में बिजली बिलों पर नए करों को लगाने से स्थिति बिगड़ने लगी थी। इन करों के विरोध में मुजफ्फराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू किए थे, जिन्हें स्थानीय व्यापारियों का समर्थन मिला। ये प्रदर्शन जल्दी ही रावलकोट और मीरपुर जिलों तक फैल गए। पिछले साल 17 सितंबर को मुजफ्फराबाद में एक बैठक के बाद, अवामी एक्शन कमेटी ने अपने आंदोलन को राज्यव्यापी करने का फैसला किया। इसके बाद पीओके में बिजली बिल जलाये जाने लगे। इसके जवाब में, सरकार ने कई आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया, लेकिन जनता के दबाव के कारण उन्हें रिहा कर दिया। इसके बाद आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार को 10 सूत्रीय मांगों की सूची सौंपी गई। इस सूची में आटे पर सब्सिडी और बिजली के बिलों में कमी करने की मांगें शामिल थीं। पर, सरकार बिजली बिलों में कमी और आटे के दाम कम करने के लिए तैयार नहीं हुई।यही वजह है कि सरकार की हठधर्मिता से नाराज अवामी एक्शन कमेटी ने मुजफ्फराबाद स्थित पीओके विधानसभा तक मार्च करने का आह्वान किया। 9 मई को डोडियाल में एक डिप्टी कमिश्नर पर उस समय हमला किया गया जब उन्होंने एक भीड़ को तितर-बितर करने के आदेश दिए। 10 मई को पीओके के प्रदर्शनकारी मुजफ्फराबाद की ओर मार्च करने के लिए निकले, जिसके कारण गंभीर झड़पें हुईं। एक आला पुलिस अफसर की मौत हो गई। इसके बाद पीओके के मुख्यमंत्री अनवर उल हक सरकार को जनता के गुस्से से दो-चार होना पड़ रहा है। हक की छवि एक बेहद कड़क नेता की है। वे बात-बात पर आपा खो देते हैं। पीओके के मीरपुर जिले में 9 मई को एक डिप्टी कमिश्नर को प्रदर्शनकारियों ने बुरी तरह पीटा और उसकी कार को फूंक भी दिया था। फिलहाल लगता तो यही है कि अवामी एक्शन कमेटी का अपनी मांगों के समर्थन में चल रहा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को मान नहीं लिया जाता। हां, सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच रावलकोट में बातचीत फिर से शुरू हो गई। पर यह देखने वाली बात है कि क्या पाकिस्तान सरकार, जो पीओके सरकार के साथ खड़ी है, प्रदर्शनकारियों की मांगों को स्वीकार करेगी? फिलहाल लगता तो नहीं है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ तो प्रदर्शनकारियों पर एक्शन लेने के संकेत दे रहे हैं। पीओके में चल रहे प्रदर्शन पर हमारे उन कश्मीरियों को नजर रखनी चाहिए जिन्हें भारत से सिर्फ शिकायतें रहती हैं।

*बीते साल अगस्त में बिजली बिलों पर नए करों को लगाने से स्थिति बिगड़ने लगी थी। इन करों के विरोध में मुजफ्फराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू किए थे, जिन्हें स्थानीय व्यापारियों का समर्थन मिला। ये प्रदर्शन जल्दी ही रावलकोट और मीरपुर जिलों तक फैल गए। पिछले साल 17 सितंबर को मुजफ्फराबाद में एक बैठक के बाद, अवामी एक्शन कमेटी ने अपने आंदोलन को राज्यव्यापी करने का फैसला किया...*



इस बीच, लगता है कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला को पीओके पर भारतीय संसद में पारित प्रस्ताव की जानकारी ही नहीं है। इसलिए ही ये कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। इन्हें पता होना चाहिए कि 22 फरवरी, 1994 बेहद खासमखास दिन है- भारत की कश्मीर नीति की रोशनी में। उस दिन संसद ने एक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करके, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर अपना हक जताते हुए कहा था कि पीओके भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को उसे छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमाया हुआ है।महत्वपूर्ण है कि जिसे हम पीओके कहते है, वह जम्मू का हिस्सा था न कि कश्मीर का। इसलिए उसे कश्मीर कहना ही गलत है। वहां की जुबान कश्मीरी न होकर डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है। बहरहाल, ये आने वाला समय बताएगा कि पीओके में चल रहा आंदोलन शांत होता है या नहीं।

**- साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने 5वें दिन वॉलीबॉल खेल कर नियम सीखे



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल मे, संस्था की प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि वॉलीबॉल प्रशिक्षण के पांचवे दिन शिविर में खिलाड़ियों ने आपस मे खेले बाल को कैसे मारेंगे सीखे, प्रशिक्षक के रूप बख्तावर खान एवं पूनम मंसोरिया ने वॉलीबॉल गेम के नियम बताये। पांचवे दिन लगभग 35 बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।



## बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिला 2 लाख रुपए का पारितोषिक

**रायसेन ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के उपरांत, 27 प्रकरणों में, अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि रूपये 20 लाख की शत-प्रतिशत वसूली होने पर, लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गयी है।

कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा. संधा/ शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। कंपनी की वेबसाईट पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर, बिल की राशि के दस प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

### कलेक्टर ने गेंहू उपार्जन एवं परिवहन में तेजी लाने के निर्देश दिए

# किसानों को गेहूं उपार्जन के भुगतान तेज करने के निर्देश, अब तक 423 करोड़ का भुगतान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को गेहूं उपार्जन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेंहू उपार्जन एवं परिवहन के कार्य में तेजी लाते हुए किसानों को तेज गति से गेंहू उपार्जन का भुगतान करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समिति स्तर पर हम्मालों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदि एवं ईपीओ में गैप न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं का परिवहन करने के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्वीकृति पत्रक बनाने में तेज गति से कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रिजेक्ट गेहूं को अपग्रेड करने का कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे। बताया गया कि अब तक 6897 मे.टन गेहूं में से मात्र 2 हजार मे.टन गेहूं अपग्रेड रहना शेष रह गया है। जो गेहूँ अपग्रेड हो गया है उसका एसी नोट बनाकर भुगतान किया जाएगा।



बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में 178 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए थे जिनमें सभी 178 उपार्जन केन्द्र संचालित है। गेहूँ उपार्जन का कार्य आगामी 20 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उपार्जन कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। उनके लिए उपार्जन केन्द्रों में पेयजल एवं छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई उपार्जन पोर्टल पर कुल 178 उपार्जन केन्द्र सक्रिय रूप से उपार्जन का कार्य कर रहे हैं, इनमें जेव्हीएस गोदाम परिसर स्तरीय 109, शासकीय गोदाम स्तरीय 20, स्टील साइलो स्तरीय 9 एवं समिति स्तरीय कुल 23 उपार्जन केन्द्र तथा मंडी/उपमण्डी स्तरीय 17 केन्द्र संचालित है। बताया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर कुल 34 हजार 288 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए गए हैं। जिनमें अब तक 23 हजार 237 किसानों ने अपने गेहूं का विक्रय कर चुके हैं। इन किसानों से कुल 2 लाख 58 हजार 303 मे.टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का परिवहन सतत रूप से किया जा रहा है। अब तक 2 लाख 35 हजार 320 मे.टन गेहूं का परिवहन किया गया है। 16 हजार 991 में.टन गेहूं परिवहन हेतु शेष है। इसके साथ ही किसानों को 423.52 करोड़ रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। आज दिनांक तक एफसीआई को 39 हजार 043 मे.टन गेहूं का परिदान किया जा चुका है। साइलो भंडारण में 47 हजार 550 मे.टन उपार्जित गेहूं का भंडारण किया जा चुका है। अत तक 5 हजार 094 में.टन का अपग्रेडेशन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को गेहूँ उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए।

## सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित साप्ताहिक प्रगति रिर्पोट प्रस्तुत करें: कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिला कार्यालय की समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली गयी। जिसमें कार्य विभाजन के अनुरूप उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जहाँ कहीं भी समस्या हो वहाँ अपर कलेक्टर डी. के. सिंह से दिशा निर्देश प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर द्वारा सी.एम. मॉनिटर, सी.एस. मॉनिटर, भू-अर्जन, राहत शाखा, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, भू-स्वामित्व, मंडी विभाग के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने की हिदायत भी दी गयी। उक्त बैठक में शाखा प्रभारी अधिकारियों के रूप में देवेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर, अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर, डॉ. बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर, असवनराम चिरामन, डिप्टी कलेक्टर, एवं जय सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए।



### राजस्व एवं वन अधिकारियों की बैठक

## राजस्व एवं वन अधिकारियों की अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मढई में राजस्व एवं वन अधिकारियों की अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधिक्षक गुरुकरन सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सतपुडा टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एल.कृष्णमूर्ति द्वारा सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के इतिहास व वन्य प्राणी संरक्षण के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। बैठक में सतपुड़ा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम से विस्थापित राजस्व एवं वनग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचने, विस्थापित राजस्व ग्रामों की रिक्त भूमि को वनभूमि आरक्षित वन बनाने, वनग्रामों की वनभूमि को निर्वनीकरण ( डी नोटिफाई ) के पश्चात राजस्व ग्राम घोषित किये जाने, ईको सेंसेटिव जोन में हो रहे अवैध निर्माण, ईको सेंसेटिव जोन की मॉनिटरिंग समिति एवं मास्टर जोनल प्लान/अधिसूचना में दिये गये निर्देशों का पालन कराये जाने, पचमढी में किये जाने वाले निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधि हेतु माननीय न्यायाय तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराये जाने, पिपरिया-पचमढी मार्ग के सतपुडा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यप्राणी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर/रम्बल स्ट्रिप के निर्माण किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद अधिकारियो को पार्क भ्रमण करकर वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा व विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक गुरूकरण सिंह, डी.एफ.ओ. नर्मदापुरम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार सोहागपुर/ पिपरिया/ इटारसी/ सिवनीमालवा एवं सहायक संचालक सोहागपुर, इटारसी, पचमढी, पिपरिया, उप वनमण्डलाधिकारी सोहागपुर/ सिवनी मालवा, नर्मदापुरम एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषकों को अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़कर 31 मई निर्धारित

**रायसेन ।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।

सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि ( डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

### नर्मदा कॉलेज में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम प्रारंभ

## रिसर्च पेपर राइटिंग और अनुसंधान में परिकल्पना विषय पर व्याख्यान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा कॉलेज में संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस एफडीपी का उद्देश्य अनुसंधान प्रक्रिया के साथ अकादमिक शोध पत्र लेखन पर शामिल प्रक्रियाओं की समीक्षा करना रहा ।प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन मे कहा की शिक्षकों के अध्यापन अकादमी क्षेत्र को उत्कृष्ट और बेहतर बनाने के लिए इस पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण को प्रारंभ किया गया है। समन्वयक डॉ ममता गर्ग ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने व सिखाने के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एफ डी पी कार्यक्रम और प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, इसके अंतर्गत प्रथम दिन डॉ दिलीप जी गोरे ने रिसर्च पेपर राइटिंग पर तथा दूसरे दिन डॉ गरिमा गुप्ता ने अनुसंधान में परिकल्पना का महत्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ रवि उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन, डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने संचालन, डॉ कमल वाधवा डॉ मीना कीर ने तकनीकी सहयोग तथा डॉ सविता गुप्ता ने आभार प्रस्तुत करने में सहयोग किया।डॉ कल्पना विश्वास, डॉ निहारिका भावसार, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ अनीता सेन सहित अनेक शोधार्थी और प्राध्यापक वर्चुअली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

**मेट्रो एंकर**

### जिला दंडाधिकारी ने अनेक विभागों की प्रगति की समीक्षा की

# विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से करें निर्वाहन: कलेक्टर

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित कर अनेक विभागों की विभागीय प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महा अभियान एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा, जल जीवन मिशन की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण कार्यो विकास की प्रगति, मनरेगा योजना की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण, सीएम राईज विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के पश्चात अपने विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वाहन करें।



कलेक्टर श्री सिंह ने पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान पेयजल वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें। कहीं से भी पेयजल संबंधी शिकायत या सूचना प्राप्त होने पर तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान अभी तक उपार्जित की गई उपज की मात्रा, उपज के सुरक्षित भण्डारण आदि की जानकारी लेते हुए शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उपज की खरीदी एवं भंडारण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को निर्देश दिए की सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम निर्धारित समय पर किए जाएं एवं जिले में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## हज पर जाने वाले हाजियों का ट्रेनिंग वैक्सीनेशन का हुआ आयोजन



**सिरोंज।** बुधवार को इस्लामिया मदरसे में हज यात्रा पर जा रहे हाजियों के लिए ट्रेनिंग एवं वैक्सीन शिविर का आयोजन करवाया इस में भोपाल से हाजी हाफिज इदरीश कुरैशी द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को प्रशिक्षण दिया उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुरुष एवं महिलाओं का वैक्सीनेशन एवं स्वास्थ्य से संबंधित टैबलेट का वितरण किया गया। विगत दिनों लटेरी के एक गांव में तेंदुआ घुस आया था जिसे पकड़ने के लिए प्रशासन ने सिरोंज से परवेज मंसूरी को बुलाया गया था जिसने अपनी सूझबूझ से तेंदुए को पड़कने मैं अपनी अहम भूमिका निभाई थी जिसका वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मैं मुस्लिम समाजजन मौजूद थे।

## ग्रामीणों को पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का नहीं मिल रहा कोई लाभ



**सिरोंज।** कुरवाई तहसील अंतर्गत ग्राम बिशनपुर में ग्रामीणों को पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का नहीं मिल रहा कोई लाभ प्रशासन से लड़ाई गुहार। जानकारी के अनुसार कुसुम बाई केवट ने बताया कि आज भी कई पात्र हितग्राही ऐसे हैं जिन्हें पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण झुग्गी झोपड़ियों में गुजर बसर कर रहे हैं। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जब इस संबंध में जिला कलेक्टर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह जल्द ही उस गांव का निरीक्षण करवाएंगे।

## नगर पालिका परिषद के द्वारा सफाई करने के नाम पर हो रही है खानापूर्ति



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा सफाई करने के नाम पर औपचारिकता पूरी की जा रही है। नालियों में से निकलने वाली गंदगी को कई दिनों तक सड़क पर ही छोड़ दिया जाता है। इस वजह से वहां वापस नालियों में पहुंच कर जमा हो जाती है। इसके चलते नालियां फिर से चौक हो जाती है। वैसे सफाई करने के बाद तत्काल वहां से गंदगी को उठाने का काम नहीं किया जा रहा है ना ही दावों का छिड़काव सफाई के बाद की जा रहा है। इस वजह से सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। घरों के बाहर गंदगी होने के कारण रहवासियों को जरूर परेशानी हो रही है।

## छतरी नाके से मोटरसाइकिल हुई चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**सिरोंज।** गुरुवार को छतरी चौराहे से हीरो स्प्लेंडर कंपनी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इसके बाद मोटरसाइकिल के मालिक हिम्मत सिंह रघुवंशी ने अपनी मोटरसाइकिल की आसपास खोजबीन की नहीं मिलने पर थाने में पहुंच कर मोटरसाइकिल चोरी होने का आवेदन दिया है। पुलिस ने आवेदन लेकर तलाश करने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी होने का प्रकरण भी दर्ज नहीं किया है। शहर में से पहले भी कई बार मोटरसाइकिल हैं विभिन्न क्षेत्रों तथा शासकीय, निजी कार्यालय से लगातार चोरी हो रही है फिर भी पुलिस मोटरसाइकिल चोरों पर अंकुश नहीं लग पा रही है। इस वजह से लगातार वाहन चोरी होने की घटनाएं हो रही है। इस वजह वाहन चालकों में जरूर डर का माहौल देखने को मिल रहा है। पुलिस प्रशासन को वाहन चोरों पर कार्रवाई करने के लिए ठोस कार्रवाई करनी होगी।

# अवैध अतिक्रमण को लेकर विधायक ने लिखा पत्र, नपा को दिए कार्रवाई के निर्देश



### क्या अब प्रशासन का बुलडोजर संस्कार ग्रीन वैली अतिक्रमण पर चलेगा

### खबर के बाद विधायक ने लिखा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने जिस तरीके से शहर में अतिक्रमण मुहिम के तहत कार्रवाई की थी, वह सराहनीय थी, जिसको लेकर शहर के लोगों ने खूब प्रशंसा भी की, लेकिन अब प्रशासन की इस कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। क्योंकि रसूखदारों के अवैध अतिक्रमण आते ही प्रशासन का बुलडोजर शांत हो गया है। अवैध अतिक्रमण मुहिम के तहत प्रशासन ने जिस तरीके से बुलडोजर चलाया था किसी को कोई समय नहीं दिया था। लगातार नियम अनुसार कार्रवाई देखने को मिली थी, जैसे ही रसूखदारों के अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने का मजा आया तो प्रशासन नोटिस पर नोटिस की कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन की कार्यवाही को लेकर हमारे संवाददाता ने लगातार खबरें प्रकाशित की खबरों को संज्ञान लेते हुए स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पत्र जारी कर नपा को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र में विधायक ने लिखा है कि अबैध रूप से हो रहे अतिक्रमण तथा नगर की साफ सफाई व्यवस्था सही नहीं होने की लगातार आम जन के द्वारा शिकायत की जा रही है, एवं इस बार ज्यादा बरसात होने की संभावना जताई है जिसको दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद के द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है। कितने कुआ की मरम्मत गहरीकरण तथा कितने हेड पंप नगर में है और कितने ठीक हो सकते हैं। इनकी पांच दिवस में कार्रवाई करके अवगत कराने के लिए भी लिखा है।

### विधायक के पत्र की अनदेखी की जा रही है

विधायक के पत्र के बाद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा इन बिंदुओं पर धरातल पर काम नहीं किया जा रहा है या फिर विधायक के पत्र की अनदेखी की जा रही है। तभी तो अतिक्रमण धारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यही कारण है कि संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के द्वारा शासन की करोड रुपए की जमीन पर कई वर्षों से अबैध रूप कब्जा कर रखा है। विगत दिनों पूर्व एसडीएम हर्षल चौधरी के द्वारा उक्त जगह का सीमांकन भी करवा लिया गया है। जिसमें शासकीय भूमि पर काफी जगह में अतिक्रमण पाया गया था। अभी तक प्रशासन का बुलडोजर नहीं चल सका है। यही कारण है कि विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर में बड़ी तादाद में अवैध अतिक्रमण पनप रहा है जिससे सरकार की छवि धूमल होती है, ऐसे अवैध अतिक्रमण करने वालों पर नपा प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। अब देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि क्या प्रशासन विधायक के पत्र के बाद कार्रवाई करता है, या फिर इसी तरह नोटिस का दौर ऐसे ही लगातार जारी रहेगा।




### गरीबों के आशियाने तो हटाए, रसूखदारों के सामने बेबस दिख रही नपा

सिरोंज नगर पालिका एवं राजस्व प्रशासन ने मिलकर विगत दिनों पूर्व शहर में अवैध अतिक्रमण मुहिम के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान तहसील से लेकर छतरी चौराहे तक अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले लोगों के अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। प्रशासन के बुलडोजर से अवैध अतिक्रमणकारियों में खोप भी देखने को मिला था। जिसके कारण शहर में कई चौक चौराहे साफ सुथरे दिखने लगे। लेकिन यह कार्रवाई कुछ दिन ही चलकर अचानक से बंद हो गई। प्रशासन की बंद हुई कार्रवाई से शहर के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। समाजसेवी अशोक जैन खर्चा का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ गरीबों जरूरतमंदों के आशियानों पर ही बुलडोजर चलाया है। जबकि रसूखदारों के अवैध अतिक्रमण आते ही प्रशासन का बुलडोजर शांत हो गया। जिससे लगता है कि या तो रसूखदारों के सामने प्रशासन बेबस है, या फिर मिली भगत के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि प्रशासन ने जिस तरीके से अवैध अतिक्रमण को लेकर मुहिम चलाई थी वाकई में सराहनीय थी। लेकिन संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के पास अवैध अतिक्रमण मुहिम पहुंचते ही प्रशासन का बुलडोजर पूरी तरह शांत हो गया। जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन को नियम अनुसार बिना पक्षपात के एक समान कार्रवाई करना चाहिए।

### 3 महीने से डिवाइडर पर रह रही कमला बाई

अवैध अतिक्रमण मुहिम के तहत प्रशासन ने बासौदा नाका पर रहने वाली लोहपीटिया कमलाबाई के टपरे को हटाकर उसे सड़क पर खड़ा कर दिया। यही कारण है कि 3 महीने से अधिक समय होने के बावजूद भी कमलाबाई अपने बच्चों के साथ सड़क के पास डिवाइडर पर खुले आसमान के नीचे रह रही है। इतनी भीषण गर्मी में भी वह अपनी कर्मभूमि मानकर जीवन यापन कर रही है। तत्कालीन समय की गई प्रशासन की कार्यवाही से तो लग रहा था कि प्रशासन पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर रहा है, शहर के लोगों का खूब समर्थन भी मिल रहा था। लेकिन जैसे ही कैथन डैम के सामने स्थित संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया तो प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पिछले 1 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन सिर्फ नोटिस तक ही कार्रवाई कर सका है। जिससे प्रशासन की इस पक्षपात पूर्ण कार्रवाई से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि प्रशासन को नियम अनुसार बिना भेदभाव के कार्रवाई करना चाहिए। जिस तरीके से गरीबों के आशियाने हटाए थे उसी तरह रसूखदारों का भी अवैध अतिक्रमण हटाना चाहिए।

### इनका कहना है

*हमे पत्र मिल गया है, कार्रवाई प्रारंभ कर दी है, संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का मामला संज्ञान में है। एसडीएम से बात कर तारीख निश्चित कर रहे हैं जल्द कार्रवाई करेंगे।*

**पवन शर्मा,** *सीएमओ नगर पालिका*

## एसडीएम के प्रयासों पर नपा और यातायात पुलिस फेर रही है पानी



**सिरोंज।** मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था की परेशानी को दूर करने के लिए पिछले दिनों एसडीएम हर्षल चौधरी ने कदम उठाते हुए लोडिंग वाहन के प्रवेश को दिन के समय में वर्जित करते हुए बैरिकेट लगवाने का कार्य किया था पर जिनको लगाने और खोलने की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद के पास है। तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस के कंधों पर है। पर दोनों बिभाग के जिम्मेदारों के द्वारा एसडीएम के कदम पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। इस वजह से दिन में भी लोडिंग वाहन मुख्य बाजार में प्रवेश कर रहे हैं उनके आने-जाने के कारण जो समस्या पहले थी वह समस्या जस की तस बन गई है। मुख्य बाजार में दो पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। गुरुवार को मुख्य बाजार में एक लोडिंग ऑटो ने जाम के हालात निर्मित कर दिए जिसके कारण मुख्य बाजार में आने जाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## मिलावट से मुक्ति अभियान तहत डेयरी से पेय पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने जिले के आम नागरिकों की सेहत को ध्यानगत रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान तहत जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में खाद्य औषधि प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल सतत जारी है इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा विदिशा नगरीय क्षेत्र के बरईपुरा चौराहा स्थित गोकुल डेयरी से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। सिरोंज में कब होगी दूध डेरियों पर कार्रवाही।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलीन ई पन्ना ने बताया कि गोकुल डेयरी से श्रीधि ब्रांड के टोंड मिल्क, डबल टोंड मिल्क, दही, छाछ के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित किए गए



खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर व सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की गहन समीक्षा की

# ग्रामीण विकास अमला बेहतर सेवाओं से जाना जाए: कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि विदिशा जिला प्रदेश में अच्छी रैंक हासिल करे इसके लिए विभागीय अमला पूरी लगन से ग्रामीण विकास के कार्यों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या आती है या जो भी मदद जिला प्रशासन से चाहते हैं तो इसके लिए व्यक्तिगत संपर्क कर अवगत कराएं। ग्रामीण विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो का विशेष ध्यान रखें, हमारी सर्विस डिलीवरी मजबूत होना अति आवश्यक है। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कोई नवाचार करना चाहते हैं तो वह भी करें ताकि जिले में नवाचार के माध्यम से प्रदेश में विदिशा जिले का नाम रोशन हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि हमारी कार्यशैली बहुत सारे लोगों को प्रभावित करती है। सर्विस डिलीवरी बेहतर होगी और जब हम फील्ड पर जाकर आपके कार्यों का निरीक्षण करें तो कार्य अच्छे मिलें, बेहतर वातावरण हो। इसलिए विभागीय अमला पूरे कॉन्फिडेंस के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय अमला टीमवर्क भावना से कार्यों का संपादन करें हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है कि जिले के नागरिकों को अच्छी सेवाएं मिलें इसलिए सकारात्मक भावना के साथ मजबूती से



कार्यों का संपादन करें। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण विकास विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की इन कार्यों की प्रगति धीमी ना हो जिले की रैंक प्रदेश में सम्मानजनक स्थान पर बनी रहे। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिले में क्रियान्वित कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।

जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने मनरेगा अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों में संपादित किये जा रहे हैं कार्यों के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं के निर्माण कार्यों की भी गहन समीक्षा की उन्होंने कहा कि जिन जनपद पंचायत की गौशालाओं में बुनियादी सुविधाओं की कमी है वहां यह सारी सुविधाएं मुहैया कराते हुए बेहतर ढंग से गौशालाओं का संचालन करें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जिन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है उनमें समूह में परिवार समावेशन की प्रगति, स्व सहायता समूह के बैंक खाते की प्रगति, ग्राम संगठन गठन प्रगति, ग्राम संगठन के बैंक खाते की प्रगति, स्व सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिकेज राशि की कार्य योजना 2024-25 की समीक्षा, स्व सहायता समूहों के प्रदाय चक्रीय निधि कार्य योजना की समीक्षा, रोजगार मेला द्वारा चयनित हितग्राहियों की जानकारी, आजीविका गतिविधियों की जानकारी, लखपति दीदी सीआरपी का चयन एवं प्रशिक्षण की प्रगति, आजीविका संवर्धन गतिविधियों से लखपति क्लब में शामिल समूह के सदस्यों की प्रगति, डेयरी, बकरी पालन, प्राकृतिक खेती, व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, पोषण वाटिका गतिविधि में संलग्न स्व सहायता समूह सदस्यों की प्रगति शामिल है। इसके साथ ही ओडीएफ प्लस ग्रामों की प्रगति, सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण प्रगति, व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण की प्रगति, मनरेगा के कार्यों की समीक्षा, मनरेगा अंतर्गत अमृत धरोहर व पुष्कर धरोहर की प्रगति, गौशाला के निर्माण कार्यों की समीक्षा, पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 की उपलब्धि में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला हेतु खाद्यान्न स्थिति, भोजन पकाने की स्थिति तथा रसोइयों की पारिश्रमिक स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की स्थिति नल जल योजना हैंडोवर एवं चालू बंद की स्थिति प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत अमृत सरोवर, चेक डैम, कंट्रोल ट्रेंच, खेत-तालाब इत्यादि बिंदु शामिल रहे।बैठक में जिले की सभी जनपद पंचायतों के जनपद सीईओ मौजूद रहे। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे। जिनसे कलेक्टर व सीईओ के द्वारा संवाद कर कार्यों के संपादन की स्थिति को जाना है और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम व बचाव पर आधारित रैली, कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ टीआर शर्मा ने बताया कि सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर डेंगू की उत्पत्ति, लक्षण, बचाव तथा उपचार की जानकारियां दी गई है। डेंगू बुखार बचाव के उपचार कार्यक्रमों में डेंगू बुखार क्यों होता है, सामान्य लक्षण, कैसे फैलता है, बचाव के उपाय इत्यादि की भी जानकारियां सुगमता से विभाग के द्वारा वितरित किए जा रहे पेम्पलेटों के माध्यम से दी जा रही है।

## जिला बदर का आदेश जारी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक भूरा पंथी पिता रामचरण पंथी उम्र 48 साल निवासी ग्राम ओखलीखेडा थाना आनंदपुर जिला विदिशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

# आईपीएल....न कोई जाने, न कोई समझे

## अजब खेल के गजब गणित

आईपीएल 2024 के 70 मैचों का लीग अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है। मजेदार बात यह है कि 66 मैचों की जद्दोजहद के बाद 3 टीमें प्ले ऑफ में पहुंच पायी हैं,जबकि आधिकारिक तौर पर 4 टीमें टॉप फोर की रेस में अब भी बरकरार हैं।भले ही 2 पूर्व चैंपियन सहित 3 टीमों के रास्ते बंद हुए हैं,लेकिन अगर बारिश ने दो मैचों में खलल न डाला होता तो हो सकता कि अंकों के गणित इससे भी ज्यादा दिलचस्प होते।गुजरात टीम भी इस म्यूजिकल चेयर रेस में शामिल होती और प्ले ऑफ के कॉलम में 2 ही टीम नजर आती,लेकिन बारिश ने आईपीएल के शो कॉल्ड सस्पेंस वाले खेल में गणित उलट पलट कर रख दिये।अब बचे हुए 4 मैचों पर अगर नजर डालें तो फिर 70वां मैच( कोलकाता बनाम राजस्थान ) के मायने सिर्फ राजस्थान के लिए टॉप 2 में जगह बनाने वाला रहेगा।मतलब साफ है कि आज से होने वाले मात्र 3मैचों में चार टीमों के बीच 1 कुर्सी की मैजिक जंग होने वाली है।चेन्नई,बेंगलोर,लखनऊ और दिल्ली में होने वाली इस रेस में दिल्ली की टीम मैदान के बाहर बैठकर अगर मगर के गणितों के भरोसे रहेगी।वहीँ बाकी 3 टीमें जीत के साथ नेट रनरेट की पर्ची लेकर मैदान में उतरेंगी।अगर हम आने वाले इन मैचों पर गौर करें तो फिर चेन्नई - बेंगलोर ही वह मुकाबला रहेगा जो दोनों टीमों के लिहाज से बेहद अहम रहने वाला है,लेकिन अगर चेन्नई की किस्मत हमेशा की तरह इस बार भी बुलंद रही तो फिर सिर्फ बारिश के सहारे आखिरी मैच के बना खेले ही टॉप 4 में पहुंच कर रेस की बची हुई 3 टीमों को ठेंगा दिखा देगी।क्योंकि बचे हुए मैचों में



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक



हैदराबाद को टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी टीम पंजाब से खेलना है यह भिडंत भी मात्र हैदराबाद के लिहाज से टॉप 2 में जगह हासिल करने वाली रहेगी। वहीं लगभग बाहर हो चुकी लखनऊ को असंभव कारनामे की आस के साथ मुंबई के खिलाफ मैदान में उतरना है।मेरे नजरिये में पिछले 2 माह से चल रहे विश्व क्रिकेट के इस त्यौहार यानी आईपीएल 2024 जैसे रोचक गणित शायद ही किसी और टूर्नामेंट में देखने को मिलते हैं। इसी वजह से वाकई में यह बात सच साबित होती है कि आईपीएल ही विश्व क्रिकेट का अजब खेल के गजब गणित वाला वह टूर्नामेंट है जिसको न कोई जान पाया ,न कोई समझ पाया है।सही मायने में यही वजह है जिस कारण टीम इंडिया सहित विश्व की किसी भी टीम के चयन में इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन को आधार नहीं बनाया जाता है।

### चैंपियन बनने के बाद कई एथलीट आ जाते हैं डिप्रेशन में

# ओलंपिक में गोल्ड जीतना ही सबकुछ नहीं, सफलता संभालना बड़ा चैलेंज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

किसी भी एथलीट का सबसे बड़ा सपना ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बनना होता है। ओलंपिक में चैंपियन बनने का एथलीट का नाम ना सिर्फ इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाता है बल्कि उसे दौलत और शोहरत भी मिलती है, लेकिन इसके बावजूद कुछ एथलीटों के लिए ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद मिली शोहरत को पचा पाना आसान नहीं होता। अच्छे प्रदर्शन का दबाव और प्रशंसकों की बढ़ती उम्मीदें उन्हें डिप्रेशन तक ले जाती हैं।

### अचानक मिली सफलता को संभाल ही नहीं पाई

चार्लोट ओलंपिक चैंपियन बनने से पहले एक रेस्टोरेंट में शेफ थीं। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसी लड़की थी, जो मैनचेस्टर सिटी में स्कूटर चलाती थी और शेफ का काम करती थी। अचानक मैं ओलंपिक में पहुंची और स्वर्ण पदक जीत लिया। उसके बाद मैं हर स्पर्धा को ओलंपिक की तरह लेने लगी और अच्छे प्रदर्शन के दबाव से मैं डिप्रेशन में आ गई। लगातार प्रदर्शन के बारे में सोचने से मैं और चीजों से दूर चली गई।



### मुझे लगा कि मैंने सबकुछ खो दिया

जीवन से सबक लिया अब पेरिस में उतरेंगी 27 वर्षीय चार्लोट ने कहा, मुझे डिप्रेशन से बाहर निकलने और खुद को प्रेरित करने के लिए काफी काम करना पड़ा। मेरे परिवार और दोस्तों ने इसमे मेरी मदद की। मैं अब पेरिस ओलंपिक में पूरे मनोबल के साथ उतरना चाहती हूं। चार्लोट 2020 ओलंपिक खेलों में जब ब्रिटेन की बीएमएक्स फीस्टाइल राइडर चार्लोट वर्थिंगटन ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था, वो उनके लिए सबसे बड़ा दिन था। लेकिन उसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि उनका इस खेल से इच्छा ही खत्म हो गई। चार्लोट ने कहा, टोक्यो ओलंपिक के बाद वो एक कठिन दौर था, जब मुझे लगा मैंने सबकुछ खो दिया है।

### आखिर मैं भी एक इंसान हूं...

ब्रिटेन के ही तीन बार के ओलंपिक चैंपियन 29 वर्षीय तैराक एडम पीटी के नाम तीन ओलंपिक गोल्ड हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में ही दो स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन वह शौहरत को संभाल नहीं सके और शराब की गिरफ्त में ऐसे आए की डिप्रेशन में चले गए। हालांकि तमाम कोशिश और इलाज के बाद वे इस मुश्किल दौर से बाहर निकलने में सफल रहे और फिर अपने करियर पर ध्यान दे रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे एडम ने कहा, आखिर मैं भी एक इंसान हूं। हां मैंने खुद को बर्बाद कर लिया था। मुझे शराब और पार्टी की इतनी लत लग गई कि मैं खुद को ही भूल गया था। यह एक बेहद मुश्किल दौर था लेकिन शुक्र है कि मैं फिर वापस आम जिंदगी में लौट सका।



### प्लेऑफ में पहुंची एसआरएच, दिल्ली रेस से बाहर

# लखनऊ को एलिमिनेट कर सकती है एमआई



**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग में ग्रुप स्टेज के 66 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मैच बारिश में धुल गया। इस नतीजे से स्त्रा ने प्लेऑफ में जगह बना ली, वहीं पहले से एलिमिनेट हो चुकी त्ज्ञ ने पॉइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर रहकर लीग स्टेज फिनिश किया।

सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मैच में टॉस भी नहीं हो सका। बारिश के कारण बेनतीजा मैच से एसआरएच को फायदा हुआ, वहीं पहले से बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस का सफर समाप्त हो गया। एसआरएच के अब 13 मैचों में 7 जीत, 5 हार और एक बेनतीजा मैच से 15 पॉइंट्स हो गए। टीम ने तीसरे नंबर पर पहुंचकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। टीम अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर क्वालिफायर-1 खेलने की दावेदारी पेश कर सकती है। जीटी के 14 मेचों में 5 जीत, 7 हार और 2 बेनतीजा मैच से 12 पॉइंट्स हो गए। 2022 की चैंपियन टीम ने इस बार अपना सफर 8वें नंबर पर रहकर खत्म किया। खराब रन रेट होने के कारण अब दिल्ली भी बाहर हो गई। टीम के 14 मैचों में 7 जीत और 7 हार से 14 पॉइंट्स हैं, लेकिन उनका रन रेट बेंगलुरु और चेन्नई से खराब है। यही 2 टीमें अब प्लेऑफ में पहुंचने की सबसे मजबूत दावेदार बची हैं।

**लखनऊ के पास अब भी एक मौका बाकी:** 17वें सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुंबई में मैच खेला जाएगा। एलएसजी के 13 मैचों में 6 जीत और 7 हार से 12 पॉइंट्स हैं, टीम फिलहाल 7वें नंबर पर है। मुंबई को हराकर टीम 14 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच जाएगी। हालांकि, प्लेऑफ में पहुंचने के लिए टीम को अपना रन रेट सीएसके से बेहतर करना होगा। वहीं मुंबई इंडियंस इस सीजन प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली ही टीम है। उनके 13 मैचों में 4 जीत और 9 हार से 8 पॉइंट्स हैं और टीम 10वें नंबर पर है। आज लखनऊ को हरा टीम 10 पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर पहुंच जाएगी।



## मेट्रो बाजार

# नौ साल में कृषि क्षेत्र का बजट 300 फीसदी बढ़ा, स्टार्टअप की संख्या बढ़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कारोबार के अनुकूल माहौल और सरकार के समर्थन से पिछले नौ साल में कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में स्टार्टअप की संख्या कई गुना बढ़कर 7,000 से अधिक हो गई है। 2014-15 से पहले इनकी संख्या 50 से कम थी। नौ वर्षों की इस अवधि में कृषि के लिए बजट आवंटन में भी 300 फीसदी का उछाल आया है। यह 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.3 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। फेडरेशन ऑफ

ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस की जारी 'भारत के कृषि परिवर्तन' शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार का एक दशक लंबा प्रयास सराहनीय है। इसमें व्यापक दृष्टिकोण को स्वीकार किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) की जारी भारत के कृषि परिवर्तन शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार का एक दशक लंबा प्रयास सराहनीय है। इसमें व्यापक दृष्टिकोण को स्वीकार किया गया है,



जिससे कृषि क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने किसानों की स्थिति बदलने में अहम भूमिका निभाई है। इन योजनाओं की मदद से किसानों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। जैविक खेती को बढ़ावा देने, महिला किसानों को सशक्त बनाने, बुनियादी ढांचा मजबूत करने एवं सेवाओं को डिजिटल बनाने के लिए सरकार ने रणनीति बनाई है।

# बिजली उत्पादन में घटी कोयले की खपत, 64 साल में पहली बार 50 फीसदी से नीचे आई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की पावरअप पर नवीनतम तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, देश में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 64 साल में पहली बार घटकर 2024 की पहली तिमाही में 50 फीसदी से नीचे आ गई है। देश में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 64 साल में पहली बार घटकर 2024 की पहली तिमाही में 50 फीसदी से नीचे आ गई है। 1960 के दशक के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। जलवायु परिवर्तन के दौर में ये अच्छे संकेत हैं। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की पावरअप पर नवीनतम तिमाही रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, जनवरी-मार्च में देश की बिजली उत्पादन क्षमता में जोड़ी गई रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट (मेगावाट) बिजली में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 71.5 फीसदी रहा। इसी के साथ भारत 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का चलन बढ़ाकर 50 फीसदी से अधिक ले जाने के लक्ष्य से आगे निकल गया है। भारत 2030 तक ऊर्जा की नवीकरणीय क्षमता को तीन गुना करने का लक्ष्य रखने वाले कुछ देशों में से एक है। वहीं, बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट एक वैश्विक चलन भी दिखाती है।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# साजिद बोले संजीव कुमार की वजह से पिता ने झेली आर्थिक तंगी

अभिनेता और निर्देशक साजिद खान हाल ही में अपने पिता को याद करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने पिता के संघर्ष के दिनों का जिक्र किया। साजिद खान के पिता कामरान खान एक अभिनेता, निर्माता और निर्देशक थे। उन्हें अपनी फिल्मों च्वतन से दूरज, च्इल्जामज और च्बेकसूरज के लिए जाना जाता है। साजिद खान ने एक बातचीत के दौरान खुलासा किया कि उनके पिता को आर्थिक तंगी के दौर में शराब की लत लग गई थी। साजिद खान ने कहा कि उन्होंने अपने पिता के सफलता के दौर से निराशा तक के सफर को देखा है। इसने उन्हें यही सिखाया कि सफलता से दूर न हों और हार के डर में न जिएं। साजिद खान ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत के दौरान बताया कि उनके पिता दारा सिंह के साथ बी-ग्रेड फिल्में बनाते थे। जब फराह खान का जन्म हुआ तो उनके पिता सफलता के दौर से गुजर रहे थे। हालांकि, जब साजिद का जन्म हुआ, तो उनके पिता की पहली फ्लॉप फिल्म थी।

### सलीम खान ने की थी हमारी मदद

पिता के निधन के बाद सलीम खान बने मददगार इससे पहले, फिल्म निर्माता साजिद खान ने बिग बॉस 16 में हिस्सा लिया था। शो में रहते हुए उन्होंने बताया था कि शराब की वजह से उन्होंने अपने पिता को मरते देखा। उस दौरान सलमान खान के पिता और स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान ने उनकी काफी मदद की। उन्होंने कुछ नकदी दी और उन्हें गले लगाया। हिम्मद दी। उस पैसे से उन्होंने दो महीने का राशन खरीदा और बिजली का बिल भरा।

### 'लापता लेडीज' की 'मंजू माई' बिखेरेंगी कान में जलवा

# छाया बोलीं- ये मेरे जीवन का एक खूबसूरत पल है...

जब किरण राव 'लापता लेडीज' का निर्माण कर रही होंगी तब शायद उन्होंने ने भी नहीं सोचा रहा होगा कि उनकी यह फिल्म इतनी बड़ी हिट हो जाएगी। फिल्म की कहानी से लेकर कलाकारों के अभिनय तक को दर्शकों ने काफी सराहा है। इस फिल्म में में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री छाया कदम भी एक अहम किरदार में नजर आई थीं। अब छाया कदम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में भाग लेने जा रही हैं। आइए आपको बताते हैं छाया ने अपने इस सफर के बारे में क्या कुछ कहा है -

छाया कदम बॉलीवुड में लीक से अलग हटकर किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। वे कम ही फिल्मों में नजर आती हैं, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं छा जाती हैं। छाया कदम बताती हैं, मैंने कभी भी नहीं सोचा था कि मैं फिल्मों में काम करूंगी। मैं जब छोटी थी तब मैं बड़ी होकर एक कब्बडी खिलाड़ी बनना चाहती थी। बाद में मैंने सोचा था कि अपना एक जिम खोलूंगी, लेकिन अभिनय करूंगी यह कभी नहीं सोचा था। छाया कदम अब पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' के प्रीमियर के लिए 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने जा रही हैं।

छाया कदम अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं कान फिल्म फेस्टिवल के लिए काफी उत्साहित हूं। यह पल मेरी जिंदगी के सबसे खूबसूरत पलों में से एक है। मैं कुछ और नहीं सोचना चाहती हूं। मैं बस इस पल को जीना चाहती हूं। छाया 'लापता लेडीज' में 'मंजू माई' की भूमिका में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका यह मजबूत किरदार काफी पसंद आया।



# निर्देशक धर्मेश दर्शन ने 'धड़कन 2' पर बना दिया सस्पेंस, फैंस कंफ्यूज

*साल 2000 में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और शिल्पा शेट्टी की एक फिल्म रिलीज हुई थी- 'धड़कन'। फिल्म के गाने और संवाद खूब हिट हुए थे। तीनों कलाकारों के फैंस चाहते हैं कि इस फिल्म एक और भाग बनाया जाए। इसी बीच अब 'धड़कन-2' को लेकर निर्देशक धर्मेश दर्शन की ओर से एक बड़ा अपडेट सामने आया है। 'धड़कन' का निर्देशन धर्मेश दर्शन ने किया था। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने फिल्म के दूसरे भाग पर बातचीत की। धर्मेश ने खुलासा करते हुए कहा कि उनकी फिल्म च्धड़कनज का अगला भाग भी हो सकती है और नहीं भी। यह फिल्म आधुनिक सिनेमा का एक नया रुप भी हो सकती है। इस बातचीत में जब धर्मेश से डायरेक्शन की दुनिया में वापस लौटने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर सिनेमा को उनकी जरुरत होगी तो वो हमेशा मौजूद रहेंगे।*

***2023 में भी हुई थी 'धड़कन 2' की चर्चा:*** *पिछले साल सितंबर महीने में भी 'धड़कन 2' को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। खुद डायरेक्टर धर्मेश दर्शन ने फिल्म के पाइपलाइन में होने की पुष्टि की थी। एक साक्षात्कार में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया था कि फिल्म के पहले भाग के निर्माता रतन जैन ने उनसे फिल्म का सीक्वल बनाने के बारे में बात की थी।*

***कास्टिंग के दौरान नाराज हो गए थे कई कलाकार:*** *धर्मेश के लिए धड़कन की कास्टिंग करना आसान नहीं रहा था। उन्होंने साल 2017 में दिए एक साक्षात्कार में बताया था कि हर बड़ा कलाकार उनके साथ काम करना चाह रहा था। उन पर काफी दबाव था, लेकिन फिर भी उन्होंने भरोसा जताते हुए अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और शिल्पा शेट्टी को ही चुना। धर्मेश के इस फैसले से कई कलाकार नाराज हो गए थे।*

# शाहपुरा डकैती: एक महीने बाद भी अनसुलझी गुत्थी

## फरार आरोपी की नहीं मिल रही लोकेशन, या लोकेशन पर नहीं पहुंच रही पुलिस?

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की पॉश कालोनी शाहपुरा में हुई सनसनीखेज डकैती की घटना के एक माह बाद भी मुख्य आरोपी नितिन उर्फ बंटी तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। जबकि आरोपी की पहचान हो चुकी है और पहले ही गिरफ्तार किये गये नौ आरोपी भी उसकी भूमिका के बारे में बता चुके हैं। आरोपी के अलावा पुलिस को अभी लगभग तीस लाख रूपये और हीरे के कीमती आभूषणों समेत दस तौले सोने के आभूषणो की बरामदगी करना बाकी है। घटना के अगले दिन पुलिस ने कुछ आरोपियों को पकड़कर डकैती की गुत्थी सुलझाने का दावा कर दिया था और लगभग 47 लाख रूपये की बरामदगी भी बता दी थी। यही नहीं, बल्कि पुलिस ने अपनी इस तत्परता पर मुग्ध होकर पुलिस टीम को ईनाम देने की अनुशंसा भी कर डाली थी। लेकिन फरार आरोपी पर ईनाम घोषित नहीं किया गया।



हालांकि राजधानी की चूनाभट्टी पुलिस दावा कर रही है कि वह लगातार मुख्य आरोपी की संभावित लोकेशन पर दबिश दे रही है, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि आठ अप्रैल की रात को शाहपुरा बी सेक्टर निवासी महिला डाक्टर अंशुल सिंह के निवास पर डकैती उस वक्त हुई थी, जब वे अपने परिवार के साथ एक होटल में डिनर के लिये गई थीं। माना जा रहा है कि इस घटना में ड्राइवर व गांव से यहां लाकर रखे सोलह वर्षीय बालक की मुखबिरी के आधार पर दस आरोपियों ने घर पर धावा बोला और नगदी समेत अन्य आभूषण आदि ले उड़े। इस दौरान घर में रहने वाले नौकर दंपति को बुरी तरह पीटकर कमरे में बंद कर दिया गया था। बताया जाता है कि इस घटना को अमित उर्फ बंटी की अगुवाई में अंजाम दिया गया। बंटी के खून के निशान भी घर के दरवाजे खिड़कियों में मिले हैं। वह मूलत मंडीदीप का रहने वाला है और सिवनी बनापुरा में उसका ससुराल है।

इस घटना के बाद रात में ही पुलिस ने आननफानन कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई थीं, उस रात पांच लोगों को दबोचकर उनके पास से करीब 47 लाख बरामद कर लिये थे, कुछ दिन बाद अन्य चार आरोपियों से करीब सात लाख रूपये और मिले। हालांकि पुलिस ने उस युवक पवन कीर को गिरफ्तार नहीं किया, जो अंशुल परिहार के घर में रहने वाले बालक का बड़ा भाई है और इस पूरे घटनाक्रम में उसकी भूमिका भी हो सकती है।

### 'आरोपी मिलेगा तो रिकवरी होगी'

डकैती मामले में अब तक नौ आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। चुनाभट्टी पुलिस ने कितनी रिकवरी की मुझे याद नहीं है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अन्य सामान की रिकवरी हो सकती है।
– **सुंदर सिंह कनेश**, आयुक्त जोन 4

### पुलिस की भूमिका पर भी उठे सवाल



इस पूरे मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे हैं, नौ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी सिर्फ एक आरोपी तक उसका न पहुंच पाना आश्चर्यजनक माना जा रहा है और लाखों रूपये की नकदी व आभूषणों की बरामदगी भी नहीं हो सकी है। हालांकि घटना का रिक्रिएशन आदि किया गया था।

# पुरानी रंजिश पर युवक के सिर पर मारा डंडा, सिर फटा, छह दिन के बाद आया होश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



### हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज, आरोपी की खोजबीन

पिपलानी के कमलानगर इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के सिर पर डंडे मारकर हत्या का प्रयास किया गया। घटना 11 मई की है। 6 दिन बाद होश में आने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के िलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बरखेड़ा निवासी हरीलाल चौरसिया की पान की दुकान है। विगत 11 मई को उनका बेटा आदित्य चौरसिया अपनी नानी के घर कमलानगर थाना पिपलानी गया था। वहां पुरानी रंजिश के चलते उसका हर्ष नामक युवक से विवाद हो गया। विवाद बढने् पर हर्ष ने मारपीट करते हुए आदित्य के सिर पर डंडे से वार कर दिया। सिर फटने से आदित्य बेहोश हो गया था। उसे पहले जेपी अस्पताल और बाद में हमीदिया अस्पताल में र्ती कराया गया था। एएसआई सतेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि बेहोश होने के कारण पिता को जानकारी नहीं थी कि बेटे के साथ क्या घटना हुई है। गुरुवार को थोड़ा होश आने पर उसने हमले के बारे में बताया। अभी भी उसको पूरी तरह होश नहीं आया है। पुलिस ने आरोपी हर्ष के खिलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज खोजबीन शुरू कर दी है।

# छावनी में युवक ने की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में बीती रात एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार भजनलाल पंजाबी पिता दारा सिंह पंजाबी (35) आदमपुर छावनी, बिलखिरिया में रहता था और मजदूरी करता था। कल रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पत्नी ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पास ही रहने वाले वाले रिश्तेदार संतोष यादव को घर जाकर बताया था। संतोष यादव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन अभी गमजुदा है और उनके बयान नहीं हो सके हैं।

# गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बैरसिया इलाके में ट्रैक्टर के गड्ढे में गिरने से आई चोट के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम निदानपुर में रहने वाला शायल जाटव (18) गुरुवार सुबह खेत पर ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर का एक पहिया गड्ढे में उतर गया, जिससे शायल जमीन पर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर बागसेवनिया इलाके में काम करते समय गिरने से आई चोट के कारण राजू महावर (39) की मौत हो गई।

## साइबर क्राइम पीड़ितों की त्वरित सहायता पर हुई गहन चर्चा, दिया प्रशिक्षण

# प्रदेश के पुलिस अधिकारियों ने लिया साइबर क्राइम पर नियंत्रण का प्रशिक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सायबर अपराधों पर नियंत्रण करने राज्य सायबर पुलिस द्वारा सायबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा सायबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। सायबर क्राइम को लेकर गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस के क्षमता विकास, कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डीजीपी सुधीर सक्सेना उपस्थित रहे। विशेष वक्ता के रूप में केंद्रीय गृह मंत्रालय के इंडियन सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन संेटर आई फोर सी के सीईओ राजेश कुमार ने सायबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में डीएसपी स्तर से लेकर 700 अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ऑनलाइन माध्यम से फील्ड के डीएसपी, एएसपी, एसपी, डीआईजी तथा आईजी और पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यालय में पदस्थ एडीजी, आईजी, डीआईजी, एआईजी और डीएसपी स्तर तक के समस्त अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### 1930 पर आने वाले 100 प्रतिशत कॉल उठाए जा रहे

प्रशिक्षण की शुरुआत सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां पूरे प्रदेश के पुलिस अधिकारी व्यापक स्तर पर समस्त अधिकारी हाइब्रिड मोड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सायबर क्राइम तेजी से बड़ रहा है। भारत में घटित सायबर क्राइम मुख्यत- पूर्वी, दक्षिणी राज्यों और दिल्ली के आसपास के साथ ही भारत के बाहर दक्षिण एशियाई देशों से किए जा रहे हैं। इसमें भारतीय मूल के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सायबर क्राइम की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार भारत सरकार के सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के माध्यम से सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए नए-नए समाधान खोज रही है, ताकि अनुसंधान में मदद मिल सके।

### देश में प्रतिदिन सात हजार शिकायतें

आई फोर सी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि देशभर में प्रतिदिन सायबर क्राइम से संबंधित 7 हजार से अधिक शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि सायबर क्राइम में वर्ष 2021 से 2022 तक 113.7 प्रतिशत और वर्ष 2022 से 2023 तक 60.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए जनता भी सहयोग कर सकती है। इसके लिए पुलिस की वेबसाइट सायबर डॉट गर्वनमेंट पर जाकर लोग पब्लिक वॉलेंटियर के रूप में स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं। साथ ही पुलिसकर्मी सायबर पुलिस डॉट इन पर जाकर काम कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए संचालित किए जा रहे प्रतिबिंब पोर्टल, समन्वय प्लेटफॉर्म, जेएमआईएस, 1930 आदि के बारे में सभी पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया मध्य प्रदेश में 1930 पर आने वाले 100 प्रतिशत कॉल रिसीव किए जा रहे हैं। सायबर फॉड के मामले में फरियादी द्वारा शीघ्र सूचित किए जाने और पुलिस द्वारा शीघ्र कार्रवाई किए जाने से शीघ्र मामले का निराकरण किया जा सकता है।

# सीआरपीएफ का जवान बताकर जालसाज ने दुकानदार को लगाई 2.33 लाख की चपत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मिसरोद पुलिस ने एक दुकानदार की रिपोर्ट पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने स्वयं को सीआरपीएफ का जवान बताकर सामान और कार बेचने के नाम पर दुकानदार से 2.33 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए और उसके बाद मोबाइल फोन बंद कर लिया। प्रारंभिक जांच में जालसाज की लोकेशन राजस्थान में मिली है। पुलिस के मुताबिक गोल्डन सिटी फेस-2 मिसरोद में रहने वाले रमेश कुमार इलेक्ट्रिकल्स की दुकान चलाते हैं। पिछले दिनों एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और स्वयं को सीआरपीएफ का जवान बताया। फोन करने वाले ने कहा कि वर्तमान में वह एयरपोर्ट पर तैनात है। हाल ही में उसका प्रमोशन हुआ है, लेकिन वह अपने साथ सामान नहीं ले जा सकता, इसलिए उसे बेचना चाहता है। रमेश कुमार ने सामान खरीदने में रुचि दिखाई तो उसने उन्हें सामान की फोटो वाट्सएप पर भेज दी। डील पक्की होने के बाद उसने सामान को पैक करते हुए फोटो भी सेंड कर दिए। इस पर रमेश कुमार ने उसके बताए एकाउंट में 50 हजार ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद उसने एक कार का फोटो भेजते हुए बताया कि उसे भी वह बेचना चाहता था। दोनों के बीच 1 लाख 83 हजार में सौदा तय हुआ तो रमेश ने यह रुपए भी ट्रांसफर कर दिए। पैसे देने के बाद जब कार और सामान रमेश नहीं पहुंचा तो ठगी का एहसास हुआ। उसके बाद उन्होंने मिसरोद थाने पहुंचकर शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

# खुद को इंटेलिजेंस का अधिकारी बताकर पुलिस की नौकरी दिलाने की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



रातीबड़ क्षेत्र में एक व्यक्ति खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताकर ठगी कर रहा था। ठग लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर पैसा ले लेता और फर्जी दस्तावेज बनाकर गुमराह करने का काम कर रहा था। लोगों को कुछ समय बाद अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो कुछ पीड़ित लोग ठग को पकड़कर भोपाल पुलिस कमिश्नर के सामने पेश करने जा रहे थे, तभी वह मौका देखकर भाग निकला। रातीबड़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तारी से इंकार किया है, लेकिन पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

**पीड़ितों ने कमिश्नर से लगाई गुहार:** ठग के फरार होने के बाद पीड़ितों ने इसकी शिकायत भोपाल पुलिस कमिश्नर से की है। पुलिस कमिश्नर ने इस पूरे मामले की जांच एसीपी टीटी नगर को सौंपी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खरगोन निवासी हरि पटेल सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर खरगौन से लेकर भोपाल तक धोखाधड़ी कर रहा था। वह लोगों पर रौब जताने के लिए खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताता था। आरोपी ने इस तरह कई लोगों से नौकरी के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की ठगी की है।

**ऐसे हुआ लोगों को संदेह:** पीड़ितों ने बताया कि ठग ने बड़ी चालाकी से उन्हें अपनी बातों में फंसाया और उन्हें नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन जब लंबे समय तक लोगों की नौकरी नहीं लगी तो उन्हें शक हुआ, जिसके बाद उन लोगों ने ऐसे ही दूसरे लोगों से संपर्क किया। सभी को ठगे जाने का एहसास हुआ, जिसके बाद सभी ने मिलकर उसे पकड़ लिया। पीड़ित जब ठग को पकड़कर भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय ले जा रहे थे इसी दौरान आरोपी हाथ छुड़ाकर भाग निकला। पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर से ठग की शिकायत कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की थी। रातीबड़ पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** | नहीं थम रहा राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में चोरी का सिलसिला

# कॉलेज छात्रा समेत चार यात्रियों के ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल फोन और नकदी चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में मोबाइल फोन और सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के भीतर एक कालेज छात्रा समेत चार यात्रियों की जेब से कीमती मोबाइल फोन, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया। भोपाल जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन एक भी वारदात के आरोपियों का पता नहीं लग पाया।



पुलिस के मुताबिक सीहोर निवासी निहारिका बुधवार को वह कोयम्बटूर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सीहोर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रही थी। भोपाल रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उन्होंने देखा तो पैंट की जेब में रखा उनका 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल गायब था। मोबाइल के कवर में एटीएम कार्ड, कालेज का एडमिट कार्ड, ट्रेन की टिकट और डेड़ हजार रुपए नकद रखे हुए थे। इसी प्रकार भोपाल निवासी पवन कुमार नागपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में देवास से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन निकलने के बाद देखा तो उनकी पैंट की जेब में रखा 12 हजार रुपए कीमत का सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। मोबाइल के कवर में 4 हजार रुपये नकद भी रखे हुए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### स्टेशन पहुंचने से पहले चोरी हुआ मोबाइल

रायपुर निवासी विष्णु दास बुधवार को अमरकंटक एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन सीट पर रखा दिया और खाना खाने लगे। भोपाल रेलवे स्टेशन आने से पांच मिनट पहले देखा तो सीट पर रखा उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 9 हजार रुपए बताई गई है। मोबाइल के कवर में आधार कार्ड रखा हुआ था। इसी प्रकार मोहगांव छत्तीसगढ़ निवासी प्रहलाद प्रधान इंदौर से भोपाल आए थे। बुधवार को उन्हें छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रायपुर जाना था। सुबह करीब आठ बजे वह भोपाल रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग स्थित मुसाफिर खाने में मोबाइल को चार्जिंग पर लगा दिया। कुछ देर बाद उनकी झपक लगी तो अज्ञात व्यक्ति मोबाइल चोरी कर गायब हो चुका था। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# किन्नर ने युवक पर किया पत्थर से जानलेवा हमला, हालत नाजुक

### भौंरी रेलवे स्टेशन के पास यार्ड में किसी बात को लेकर हुआ था विवाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित रेलवे ब्रिज भौंरी पर रेलवे ट्रैक के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक किन्नर ने युवक से मारपीट करते हुए उस पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में पत्थर लगने से युवक की हालात नाजुक है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने युवक के परिचित की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्टेशन रोड बैरागढ़ निवासी 40 साल का विनोद प्राइवेट काम करता है। इलाके में रहने वाले आटो चालक राजकुमार के साथ रेलवे ब्रिज भौंरी पहुंचा था। इस दौरान उनके पास फरमान किन्नर भी था। तीनों रेलवे ट्रैक के पास खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बड़ने पर फरजान ने विनोद के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान उसने पत्थर उठाकर विनोद के सिर पर हमला किया था। करीब दो तीन वार होने से विनोद मौके पर ही बेसुध होकर गिर गया। विनोद के साथ मौजूद आटो चालक राजकुमार ने किन्नर फरजान को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी उसे भी हाथ में काट लिया और छूटकर भाग निकला।

**स्टेशन मास्टर ने दी सूचना:** विनोद पर हुए जानलेवा हमले के बाद आटो चालक राजकुमार ने पुलिस को सूचना नहीं दी। वह सीधे विनोद के घर की तरफ उसकी मां को बताने जा रहा था। तभी रास्ते में उसे ऑटो चालक छोटू मिला। उसने छोटू का घटना की जानकारी दी। छोटू ने कहा कि पुलिस को सूचना दो। इधर, इंडियन ऑयल के डिपो में लग रहे रैक की सर्टिंग हो रही थी और वहां स्टेशन मास्टर भी मौजूद था। स्टेशन मास्टर ने विनोद को घायल अवस्था में देखकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और विनोद को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि विनोद की स्थिति चिंताजनक है। पुलिस ने राजकुमार आटो वाले की शिकायत पर किन्नर फरजान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। फरजान की तलाश में तीन अलग अलग टीम रवाना है। फरजान ट्रेन में नेग मांगने का करता है।

# रिश्तेदारी में जा रहा युवक बाइक की टक्कर से घायल

**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में बाइक सवार एक युवक को सामने से आ रहे मोटर सायकिल चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र लोधी (35) ग्राम पिपलिया बाजखां थाना सूखी सेवनिया में रहता है। बीती 14 मई की सुबह करीब चार बजे वह रिश्तेदारी में गुनगा जा रहा था। ईंटखेड़ी स्थित संजीवनी अस्पताल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी मोटर सायकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022